डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:- adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.adhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



PG-5

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः अजय देवगन ने क्यों संभाली 'रनवे 34' के निर्देशन की

वर्ष -08 अंक -35 | प्रयागराज, शनिवार 09 अप्रैल, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### दबाव के बीच भारत अमेरिका टू प्लस टू वार्ता होना तय, दो दिन के लिए अमेरिका जाएंगे राजनाथ सिंह और एस जयशंकर

**नई दिल्ली।** पिछले एक हफ्ते के भीतर जो बाइडन प्रशासन के कम से कम चार वरिष्ठ अधिकारियों ने अलग अलग मौकों पर भारत को यह चेतावनी दी है कि उसने रूस के साथ अपने कारोबारी रिश्तों को बढ़ाया तो इसके परिणाम भुगतने होंगे। ऐसे में अगले हफ्ते दोनों देशों के बीच होने वाली टू प्लस टू वार्ता का एजेंडा क्या होगा यह कोई अनुमान लगाने का मुद्दा नहीं रहा। गुरुवार को भारत और अमेरिका की तरफ से बताया गया है कि इनके विदेश और रक्षा मंत्रियों की टू प्लस टू वार्ता 11 अप्रैल, 2022 को होगी। वार्ता में हिस्सा लेने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वाशिंगटन जाएंगे। अमेरिका का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लायड आस्टिन करेंगे। जहां तक अमेरिकी दबाव का सवाल है तो भारत ने गत दो हफ्तों के दौरान साफ तौर पर दिखाया है कि वह अपने हितों के मुताबिक ही काम करेगा। गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची से जब यह पूछा गया तो उनका जवाब बहुत सांकेतिक था। बागची ने कहा कि, रूस के साथ भारत के आर्थिक रिश्ते काफी व्यवस्थित रहे हैं लेकिन मौजूदा परिवेश में उसे स्थिर बनाने की कोशिश की जा रही है।

### घुसपैठियों को वापस भेजने की मांग पर बोला सुप्रीम कोर्ट- तो फिर हमने सरकार क्यों चुना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया जिसमें रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने की मांग की गई है। साथ ही शीर्ष अदालत ने इस तरह की याचिकाओं पर आपत्ति जताते हुए सवाल किया कि आखिर हमने सरकार क्यों चुनी है। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा, 'रोज हमें सिर्फ आपके मामले की सुनवाई करनी पड़ती है सभी समस्याओं को लेकर आप अदालत आ जाते हैं.. चुनाव सुधार, संसद, जनसंख्या।'

## आइपीसी, सीआरपीसी, साक्ष्य कानून में संशोधन के लिए प्रक्रिया शुरू; रिजिजू ने कहा- अपराध संबंधी कानूनों में व्यापक बदलाव किए जाएंगे

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को बताया कि लोगों को कम खर्च पर और त्वरित न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से अपराध संबंधी कानूनों



में व्यापक बदलाव किए जाएंगे। इसके मद्देनजर उसने भारतीय दंड संहिता (आइपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य कानून में संशोधनों के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। विधि एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने राज्यसभा में कहा कि गृह मंत्रालय ने अपराध संबंधी कानूनों में व्यापक संशोधनों के संबंध में राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों, केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपालों और प्रशासकों, देश के प्रधान न्यायाधीश, विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश, बार काउंसिल और संसद सदस्यों से भी सुझाव मांगे हैं। मंत्री ने कहा कि गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सुधारों पर सुझाव देने के लिए राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति की अध्यक्षता में दो मार्च, 2020 को एक समिति गठित की थी। पिछले पांच साल के दौरान 429 इंटर्न ने विदेश मंत्रालय में काम किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी। एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री ने कहा कि जहां 372 इंटर्न ने 2017 से 2021 के बीच विदेश मंत्रालय मुख्यालय में काम किया, जबकि 57 विदेश में स्थित भारतीय दूतावासों में पदस्थ किए गए थे। जयशंकर ने कहा कि विदेश मंत्रालय करीब दस वर्ष से प्रशिक्षुओं को नियुक्त कर रहा है। पिछले दो वर्ष के दौरान राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री समेत करीब 102 विदेशी हस्तियों ने भारत दौरा किया। एक सवाल का जवाब देते हुए विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने जनवरी 2020 एवं मार्च 2022 के बीच भारत दौरा करने वाली विदेशी हस्तियों की विस्तृत सूची मुहैया कराई। इस अवधि में भारत यात्रा पर आए राष्ट्रपतियों में पुर्तगाल के मार्सेलो रेबेलो डे सौसा और ब्राजील के जैर बोल्सोनारो शामिल हैं। प्रधानमंत्रियों में डेनमार्क के मेट्टे फ्रेडेरिकसन और जापान के फुमिओ किशिदा शामिल हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में विदेश राज्यमंत्री ने सदन को बताया कि सरकार अपने नागरिकों को ई-पासपोर्ट जारी करने की योजना बना रही है। 2022-23 से शुरू होने वाला यह पासपोर्ट कागज और इलेक्ट्रानिक पासपोर्ट का मिश्रण होगा। कार्मिक व लोक शिकायत मामलों के मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि सूचना का अधिकार (आरटीआइ) कानून के तहत कुल 2275 लोक प्राधिकरणों में से 754 ने स्वतः प्रकाशन का थर्ड पार्टी से आडिट कराया। उन्होंने कहा कि आरटीआइ अधिनियम की धारा 4(2) के अनुसार, प्रत्येक सार्वजनिक प्राधिकरण का निरंतर यह प्रयास होगा कि वह स्वप्रेरणा से इंटरनेट सहित संचार के विभिन्न माध्यमों से नियमित अंतराल पर जनता को अधिक से अधिक सूचना प्रदान करने के कदम उठाए ताकि जनता को सूचना प्राप्त करने के लिए इस अधिनियम का कम से कम सहारा लेना पड़े।

### चलती ट्रेन में कैंसर मरीज की टूटने लगी सांस, रेलवे कर्मचारी बनकर आए 'भगवान'............

**नई दिल्ली।** राजधानी एक्सप्रेस में सफर कर रहे एक कैंसर मरीज की चलती ट्रेन में अचानक तबीयत ख़राब होने लगी। जब मरीज की तकलीफ बढ़ गई और और उसकी सांस टूटने लगी तो तुरंत ही परिजनों द्वारा इसकी जानकारी रेलवे को दी गई जिसके बाद मामले की सूचना भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों के संज्ञान में आई। जानकारी मिलते ही अधिकारियों ने युद्धस्तर पर मरीज की जान बचने का काम शुरू किया। नतीजा ये रहा कि समय पर मेडिकल सहायता मिलते ही मरीज की जान बच गई।

## बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए हो रहा इस नई तकनीक का इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** देश की पहली बुलेट ट्रेन का काम जोरों से चल रहा है। अहमदाबाद-मुंबई रूट पर चलने वाली बुलेट ट्रेन के ट्रैक निर्माण के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देशवासियों को इस नई तकनीक से मुखातिब कराया है। अश्विनी वैष्णव ने दो तस्वीरें ट्वीट की हैं। उन्होंने बताया कि ये तस्वीरें गर्डर लान्चर की है। उन्होंने ट्वीट में कहा कि पहली बार बुलेट ट्रेन के पुल पर गर्डर लान्चर रखा गया है। रेलवे में नई निर्माण तकनीक आई हैं। आमतौर पर, एक गर्डर को एक चेन से लटकाया जाता है। लटके हुए गर्डर के रोटेशन को रस्सियों की मदद से मैन्युअल तरीके से नियंत्रित किया जाता है। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर भारत के आर्थिक केंद्र मुंबई को अहमदाबाद शहर से जोड़ने वाली एक निर्माणाधीन रेल लाइन है। पूरा होने पर यह भारत की पहली हाई स्पीड रेल लाइन होगी। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉपीरेशन लिमिटेड को भारत में हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के वित्त, निर्माण, रखरखाव और प्रबंधन के उद्देश्य से कंपनी अधिनियम 2013 के तहत 12 फरवरी 2016 को शामिल किया गया था। कंपनी को रेल मंत्रालय और दो राज्य सरकारों गुजरात और महाराष्ट्र सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा इक्विटी भागीदारी के साथ संयुक्त क्षेत्र में 'विशेष प्रयोजन वाहन' के रूप में तैयार किया गया है। हाई स्पीड रेल परियोजना तकनीक के मामले चमत्कारी होगी।

## XE Variant को लेकर वायरोलाजिस्ट गगनदीप कांग का दावा, गंभीर बीमारी पैदा होने का कारण नहीं यह संस्करण

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष वायरोलाजिस्टों में से एक गगनदीप कांग ने गुरुवार को कहा कि हम अब तक कोरोना के एक्सई वैरिएंट के बारे में जो जानते हैं, उससे ऐसा नहीं लगता कि यह चिंता का कोई कारण है। गगनदीप कांग ने बताया कि यह वैरिएंट थोड़ा तेजी से फैलता है, लेकिन यह अधिक गंभीर बीमारी




का कारण नहीं लगता है। कांग ने मुंबई में एक्सई वैरिएंट की खोज के बारे में कहा, हम गंभीर बीमारियों के बारे में अधिक चिंतित हैं, और अगर ऐसा नहीं हो रहा है, तो मुझे लगता है कि हमें इसे ट्रैक करना चाहिए, लेकिन इसके बारे में ज्यादा चिंता न करें। हालांकि, इंसाकाग ने एक्सई वैरिएंट का पता लगाने से इन्कार करते हुए कहा है कि यह वैरिएंट एक्सई वैरिएंट की जीनोमिक तस्वीर से संबंधित नहीं है। इंसाकाग भारत में कोरोना के परिसंचारी उपभेदों के जीनोम अनुक्रमण और वायरस भिन्नता का अध्ययन और निगरानी करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्थापित मंच है। कांग ने कहा कि इंसाकाग का कहना है कि अगर यह वास्तव में एक्सई है, फिर भी हमें इसके बारे में चिंतित नहीं होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब भी हम एक नया वैरिएंट देखते हैं, तो महत्वपूर्ण बात यह है कि देश के लिए इसके क्या निहितार्थ हैं। क्या यह एक नई लहर शुरू करने जा रहा है, क्या लोग गंभीर रूप से बीमार पड़ने वाले हैं आदि। ओमिक्रोन की तुलना में एक्सई वैरिएंट में 10 प्रतिशत अधिक संचरण क्षमता का दावा करने वाली रिपोर्टों के बारे में कांग ने कहा कि ये यूके के निष्कर्ष हैं, क्योंकि वे बहुत सारी सीक्वेंसिंग करते हैं।

## कांग्रेस ने बोला हमला, कहा- महंगाई पर चर्चा के डर से भागी सरकार ने संसद सत्र को पहले किया खत्म

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के बजट सत्र में पेट्रोल-डीजल-गैस की कीमतों के साथ बढ़ती महंगाई और किसानों से हुए समझौते के मुद्दे पर चर्चा नहीं कराने को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा है। संसद में विपक्षी दलों की अगुआई कर रही कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इन मुद्दों पर लगातार चर्चा से भाग रही सरकार ने बहस से बचने के लिए ही सत्र को दो दिन पहले खत्म कर दिया। एनडीए-भाजपा सरकार पर लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में महंगाई पर चर्चा के लिए बनी सहमति तोड़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने कहा कि यह सरकार की वादाखिलाफी है। बजट सत्र खत्म होने के बाद राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी और राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र सरकार पर हमला बोला। खड़गे ने कहा कि पेट्रोल डीजल गैस की कीमतें बेतहाशा बढ़ रही हैं और जनता की मुश्किलों से जुड़े मसले पर चर्चा के डर से भाग कर सरकार ने सत्र को तय समय से पहले ही खत्म कर दिया।उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान महंगाई समेत कई अहम विषयों को विपक्ष ने उठाने का बार-बार प्रयास किया मगर इसकी अनुमति नहीं दी गई। जयराम रमेश ने कहा कि संसद के सामने शुक्रवार तक के कामकाज का एजेंडा था और इसमें सरकार के दो विधेयक भी शामिल थे।

## दिल्ली समेत इन राज्यों में हीट वेव का अलर्ट जारी, पढ़ें आज के मौसम का हाल

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के ज़्यादातर राज्य प्रचंड गर्मी और लू की चपेट में हैं। अप्रैल महीने का पहला सप्ताह चल रहा है और तेज धूप और गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। मौसम



विभाग के मुताबिक, उत्तर पश्चिमी हिस्से व मध्य भारत में अगले पांच दिन गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने इन राज्यों में लू या गर्म हवाएं चलने का अंदेशा जताया है। स्काईमेट वेदर के मुताबिक अगले 3 से 4 दिनों के दौरान पश्चिमी राजस्थान, दक्षिण हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति के साथ कई हिस्सों में लू की स्थिति रहने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश, विदर्भ, बिहार के कुछ हिस्सों और जम्मू क्षेत्र और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में हीटवेव की स्थिति संभव ह मौसम विभाग के मुताबिक अगले 5 दिनों के दौरान राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दक्षिण पंजाब, दक्षिण हरियाणा-दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में लू चलने की संभावना है। इसके अलावा अगले 3 दिनों तक गुजरात के उत्तरी भागों में हीट वेव का प्रकोप देखने को मिलेगा। वहीं हिमाचल प्रदेश, विदर्भ, बिहार के कुछ हिस्सों और जम्मू क्षेत्र और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में हीटवेव की स्थिति संभव है। दिल्ली एनसीआर में आज आसमान साफ रहेगा । काफी जगहों पर तेज लू चलने के आसार है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 41 और 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना। हिमाचल प्रदेश में इन दिनों दिन के समय तेज गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ रहा है जबकि रात के समय तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। ऊना प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म, गुरुवार को 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान।

## यूक्रेन पर रूसी हमले जारी जेलेंस्की बोले बर्बरता पर उतरी पुतिन की सेना.....

**कीव।** रूस यूक्रेन में जंग रूकने का नाम नहीं रही है, वहीं रूसी सेना भी अब यूक्रेन पर हमले और तेज कर दिए है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी आज रूस पर नए आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कीव के पास बोरोडियांका में स्थिति बुचा की तुलना में बहुत अधिक



भयावह है। इसी के साथ बाइडेन ने भी यूक्रेन में बलात्कार, यातना होने के आरोप लगाए हैं। दूसरी ओर इजराइल के तेल अवीव में गुरुवार रात एक गोलीबारी में कम से कम दो लोग मारे गए हैं और आठ अन्य घायल हो गए हैं। द टाइम्स ऑफ इज़राइल के अनुसार दस लोगों को गोली लगी है जिन्हें पास के इचिलोव अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से दो को बाद में मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस प्रवक्ता एली लेवी का कहना है कि यह एक आतंकवादी हमला था। वहीं इजराइली प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने एक बयान में कहा कि यह बहुत कठिन रात रही है। मैं मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के पूरी तरह स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा, सुरक्षा बल उस आतंकवादी का पीछा कर रहे हैं जिसने आज रात तेल अवीव में जानलेवा भगदड़ को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, एक शूटर अभी भी फरार है जिसके लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

## बेंगलुरु की 200 से अधिक मस्जिदों और मंदिरों को पुलिस ने भेजे नोटिस

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने गुरुवार को 301 मस्जिदों, मंदिरों, चर्चों और अन्य प्रतिष्ठानों को अपने लाउडस्पीकर का उपयोग अनुमति के अनुसार डेसिबल स्तर के भीतर करने के लिए नोटिस जारी किया है। 301 नोटिसों में से 59 पब, बार और रेस्तरां को, 12 उद्योगों




को, 83 मंदिरों को, 22 चर्चों को और 125 शहर भर की मस्जिदों को दिए गए हैं। बता दें कि यह कदम कुछ दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वाले लाउडस्पीकरों को बंद करने की मांग के बाद उठाया गया है। वहीं वहां के जामिया मस्जिद के मौलाना मकसूद इमरान रशीदी (इमाम) ने बताया कि उन्हें पुलिस विभाग से नोटिस मिला है और वे उस आदेश का पालन करेंगे जो लाउडस्पीकर के डेसिबल से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार दिया गया है।उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए और अगर आदेशों का पालन नहीं किया जाता है तो कार्रवाई शुरू की जाएगी। इमरान रशीदी के अनुसार मस्जिदों में एक डिवाइस को फिट करना शुरू कर दिया गया है जो यह सुनिश्चित करता है कि ध्वनि अनुमेय स्तर को पार न करे और कोई भी परेशान न हो।

## बजट सत्र एक दिन पहले खत्म लेकिन दोनों सदनों में खूब हुआ कामकाज, संसद में कुल 23 विधेयक हुए पारित

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र तय समय से एक दिन पहले जरूर खत्म हो गया मगर कामकाज के लिहाज से दोनों सदनों का प्रदर्शन



सराहनीय रहा। लोकसभा ने बजट सत्र में जहां 129 फीसद काम किया वहीं राज्यसभा ने भी 99.80 फीसद कामकाज किया और केवल 10 मिनट की कमी के चलते शत प्रतिशत का आंकड़ा नहीं छू पाया। केंद्र सरकार ने भी अपने लगभग सारे विधायी काम पूरा करा लिए और दोनों सदनों को मिलाकर सत्र के दौरान कुल 23 विधेयक पारित किए गए। इसमें दिल्ली के तीनों नगर निगमों के एकीकरण और आपराधिक प्रक्रिया पहचान से जुड़े अहम विधेयक भी शामिल थे। विपक्षी दलों को सत्र से जरूर निराशा हुई क्योंकि महंगाई समेत जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों पर संसद में बहस कराने की उनकी मांग नहीं मानी गई और सरकार पर वादे से मुकरने का आरोप लगा विपक्ष ने अपने आक्रोश को जाहिर भी किया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार सुबह शुरू होने के चंद मिनटों बाद ही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि कांग्रेस और शिवसेना समेत विपक्ष के कई दलों ने इस पर एतराज जाहिर करते हुए विरोध किया। राज्यसभा में तो सदन को स्थगित करने से पहले विपक्षी सदस्यों ने महंगाई पर चर्चा नहीं कराने को लेकर वेल में जाकर भारी हंगामा भी किया जिस पर सभापति वेंकैया नायडू ने अपनी नाराजगी भी जताई और फिर वंदे मातरम् धुन के साथ सत्र समाप्त कर दिया। 31 जनवरी से 11 फरवरी तक चले बजट सत्र के पहले चरण में पांच राज्यों के चुनाव के कारण राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और आम बजट की चर्चा ही हुई थी। सत्र के पहले चरण में कोई विधेयक पारित नहीं हुआ था लेकिन 14 मार्च से शुरू हुए सत्र के दूसरे हिस्से में लोकसभा ने वित्त विधेयक, दिल्ली नगर निगम एकीकरण, आपराधिक प्रक्रिया, गैरकानूनी गतिविधि निवारण संशोधन समेत कुल 12 विधेयक पारित किए जबकि राज्यसभा में भी इनके समेत 11 विधेयकों को पारित किया गया। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि लोकसभा की पूरे सत्र के दौरान 27 बैठकें करीब 177 घंटे 50 मिनट तक चलीं और सदस्यों ने तय समय से 40 घंटे अतिरिक्त बैठकर काम किया। इसकी वजह से सदन की उत्पादकता 129 फीसद रही।



# हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट समिति ने छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष करने के उद्देश्य दिया

(आधुनिक समाचार सेव)

**प्रयागराज।** 7 अप्रैल 2022 को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय महाविद्यालय की स्किल डेवलपमेंट समिति के तत्वावधान में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय सनतकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज एवं राष्ट्रीय लघु उद्योग विकास निगम नैनी प्रयागराज के मध्य महाविद्यालय के छात्रों को तकनीकी रूप से दक्ष करने के उद्देश्य से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुनंदा चतुर्वेदी एवं लघु उद्योग विकास निगम की प्रबंधक ज्योति निगोतिया के नेतृत्व में दोनों संस्थाओं के मध्य एक एम ओ यू हस्ताक्षरित किया गया। उक्त एम ओ य के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राध्यापक भी आवश्यकता के आधार पर लघु उद्योग विकास निगम के प्रशिक्षुओं को अपने व्याख्यान से लाभान्वित करेंगे। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय लघु उद्योग विकास निगम नैनी प्रयागराज के डिप्टी मैनेजर गौरव चतुर्वेदी एवं महाविद्यालय समिति की संयोजिका डॉ सुवर्णा सरकार एवं सदस्य डॉ अनुभा, डॉ जयराम,डॉ इंदु प्रकाश सिंह, डॉ हरीश कुमार वर्मा ,डॉ मंजरी मिश्रा, डॉ स्मिता पाल आदि अध्यापक उपस्थित रहे उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ डॉ भास्कर शुक्ल एवं डॉ अमित कुमार मिश्र द्वारा प्रदान की गई।



## रमजान, नवरात्र एमएलसी चुनाव सकुशल संपन्न कराने हेतु रूट मार्च।

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** मौजूदा त्यौहार रमजान, नवरात्रि तथा आगामी एमएलसी चुनाव सकुशल संपन्न कराने हेतु फूलपुर पुलिस के थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के साथ आर ए एफ के जवानों का संयुक्त रूट मार्च नगर पंचायत के थाना मोड़ बस स्टॉप, शेषपुर, लोचन गंज,



दुनिया गंज, फरीदाबाद, पूरे अच्छई, पुलिस चौकी, कोडापुर, मैलहन बाजार तक 2 घंटे 4 से 6 बजें तक किया गया। मकसद था लोगों में पुलिस की सक्रियता का विश्वास और प्रभाव रहे। लोग अपना अपना त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाए। फूलपुर पुलिस सहयोग हेतु राउंड द क्लाक तत्पर है। साथ में अमित कुमार राय, विनय कुमार मिश्रा, माजिद खान, जय कुमार प्रसाद यादव, सुनील मिश्रा तथा आर ए एफ प्लाटून कमांडर उपस्थित रहे।

# यूफोरियल यूथ सोसाइटी ने मनाया अपना पहला स्थापना दिवस

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**प्रयागराज।** यूफोरियल यूथ सोसाइटी ने मनाया अपना पहला स्थापना दिवस दरसल पिछले साल 7 अप्रैल 2021 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर यूफोरियल यूथ सोसाइटी कि स्थापना हुई थी।आज के समय में यूफोरियल यूथ सोसाइटी की नौ शाखाएं हैं और ये शाखाएं बखूबी कार्यरत है जिनमें प्रयागराज प्रमुख शाखा है साथ ही साथ लखनऊ वाराणसी, राँची, गाजियाबाद, दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, पंजाब इत्यादि है इस सोसायटी ने कोरोना काल से ही लोगों की मदद कर रहे है जरूरतमंदों की जरूरत पूरा करने में हमेशा तत्पर रहती है कोरोना काल में जरूरतमंद को आक्सीजन सिलेंडर, आक्सीजन बेड मुहैया कराती थी साथ ही साथ जरूरतमंदों को रक्त मुहैया कराती थी टीम ने लगभग 900 लोगों की कोरोना काल में तमाम प्रकार के ज़रूरतों को पूरा की! युवाओं की टोली मिल कर आज इस सोसायटी को सफल बनाया सोसाइटी के अध्यक्ष श्री देवेश जायसवाल जी ने बताया कि हमारी संस्था लोगों के लिए है सोसायटी कोरोना काल से लगातार लोगों की मदद कर रहे है साथ ही साथ प्रयाग शहर में रक्त के अभाव को दूर करने के लिए ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन करती रहती है साल भर में कुल 9 कैम्प आयोजित किए गए दरअसल सोसायटी ने पिछले एक साल से



लगभग 40 थैलिसिमियां मरीज़ों को गोद लिया है जिन्हें हर महीने ब्लड की आवश्यकता पड़ती है जिन्हें टीम हर महीने ब्लड मुहैया कराती है इनमें से कुछ मरीज़ प्रयागराज और लखनऊ पी. जी. आई के है देवेश जायसवाल ब्लड डोनेट करने के लिए लोगों को जागरूक करने के प्रयासरत है और खुद भी रक्त दान और प्लेटलेट्स जरूरतमंदों को देते रहते है! सोसायटी के उपाध्यक्ष श्री अनीश पाण्डेय जी का कहना है कि देवेश पिछले एक साल में ब्लड और प्लेटलेट्स मिलाकर लगभग 25 बार दे चुके हैं ये प्रयागराज से चल कर लखनऊ पी. जी. आई. मे डोनेट करते हैं! साथ ही साथ सोसायटी जानवरों के लिए भी मदद करने में आगे रहती है देवेश जी ने बताया कि टीम की हर एक ब्रांच ने 9000 हर प्रकार के जानवरों को खाना तथा अन्य जरूरतों को पूरा करती है इसके अलावा टीम ने रेडी फॉर रेड नामक मुहिम चलायी है जिसमें ल.डकियों, महिलाओं को हर महीने जिस माहवारी जैसे कठिन समस्या से गुजरना पड़ता है और कुछ युवतियों को इसके बारे में पता नहीं होता और पता भी होता है तो समाज के गलत धारणाओं के वजह से समस्या होती टीम ने डॉक्टर्स के साथ जागरूकता अभियान की शुरुआत की साथ ही साथ पैड भी बांटे गए और स्कूल में और बस्तियों में पैड बैंक की स्थापना की इसके अलावा टीम ने पिछले एक साल में पर्यावरण संरक्षण पर भी कार्य किया टीम ने घर घर जाकर पौधे बांटे तथा लोगों को जागरूक भी किया लगभग 1000 पेड़ पौधे लगाए गए और बांटे गए! इस प्रकार टीम ने पिछले एक साल में कुछ इस प्रकार के कार्य किए! सोसायटी के उपाध्यक्ष अनीश जी ने टीम के तमाम मेंबर्स को सम्मानित आभार व्यक्त किया! अनीस जी का कहना है कि सब ने मिल कर बखूबी अपने कार्य को समझा और निभाया और आगे भी हम इसी प्रकार मिल कर लोगों को मदद करते रहेंगे! सोसायटी के तमाम सदस्य गुफ़रान खान, अनीश पाण्डेय (उपाध्यक्ष) प्रणय द्विवेदी, विभव, प्रखर, मोहम्मद सुभान, रितेश मिश्रा (वाराणसी ब्रांच) , प्राची सिंह, अमन, मनोज त्रिपाठी, आशीष, मिताली, सुहानी सिंह, पंकज चौरसिया (सोफिया लॉरेंस), गगन सिंह, राहुल, अमित मौजूद रहे और साथ ही साथ सभी को पुरस्कार से सम्मानित किया गय।

# हर रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगेंगे आरोग्य मेले जिलाधिकारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी डॉ0नितिन बंसल ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में हर रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन करायें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलायें।इसके साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी अपने स्तर से समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित करें कि वे अपने-अपने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन करें और यदि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बरती जायेगी तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। यह योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।इसलिये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने अपने दायित्वों का शत् प्रतिशत निर्वहन करें।

# दो बाइकों की भिड़ंत में अधेड़ की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** कोतवाली के इफ्को चौकी अंतर्गत सरैया मोड़ के पास बृहस्पतिवार सुबह 9:30 बजे तेज रफ्तार दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत में एक अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। सराय इनायत थाना अंतर्गत चकिया कटियारी निवासी रामचंद्र गुप्ता उम्र 45 वर्ष पुत्र प्यारेलाल गुप्ता अपने पुत्र प्रमोद कुमार के साथ बाइक द्वारा बादशाहपुर जनपद जौनपुर से शादी का कार्ड देकर वापस आ रहे थे। तभी इफ्को चौकी के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने प्रमोद की बाइक में जोरदार टक्कर मारी। जिससे प्रमोद अपने पिता रामचंद सहित दूर जा गिरा। जिससे रामचंद्र के सिर में गंभीर चोट के कारण मुंह से खून आने लगा और मौके पर दम तोड़ दिया। इस बीच दूसरा बाइक सवार भाग निकला। इफ्को पुलिस ने थाना फूलपुर मृतक रामचंद्र गुप्ता का शव भेजा। जहां सीएचसी फूलपुर में मेडिकल कराते हुए पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भिजवाया। मृतक के चार बेटे हैं पत्नी जीवित है। बेटे ऋषिकेश की शादी पड़ी है। उसी का कार्ड बांटने गए थे। घटना को सुनकर घरवाले आ पहुंचे और दहाड़े मार कर रोने लगे। मृतक घरेलू चक्की लगाकर जीवन यापन करता था।



# मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना का दिया जाएगा लाभ

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/जिला माटीकला अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मिट्टी से निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना संचालित की जा रही है। माटीकला को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनपद को लक्ष्य प्राप्त हुआ है।योजनान्तर्गत अधिकतम 10 लाख रूपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है जिसमें कार्यशील पूंजीमद की धनराशि को छोड़कर 25 प्रतिशत तक की धनराशि लाभाथिर्यों को मार्जिन मनी के रूप में अनुदान स्वरूप प्राप्त होगी। 18 से 55 वर्ष तक की आयु वर्ग के अभ्यर्थी/कारीगर जो माटीकला उद्योग की स्थापना करना चाहते है वे अपने आवेदन पत्र एवं मूल प्रपत्रों तथा छायाप्रति के साथ कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 25 अप्रैल 2022 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय 119ए सिविल लाइन प्रतापगढ़ में जमा कर दें ताकि उद्योग की स्थापना हेतु चयन सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

# लूकरगंज: भू-माफिया से ख़ाली करायी गयी ज़मीन पर ग़रीबों के लिए बन रहे फ़्लैट, 10 माह में होंगे पूरे

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलास गुप्ता

**प्रयागराज।** लूकरगंज में भू-माफिया से ख़ाली कराई गयी ज़मीन पर इसकी प्रक्रिया शुरू कर देगा आवास योजना के प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य का गुरुवार को पीडीए उपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने



प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। यह अगले 10 महीने में पूरा हो जाएगा। प्रयागराज विकास प्राधिकरण दो ब्लॉक्स में कुल मिलाकर 76 फ़्लैट तैयार कर रहा है। इनको तैयार होते ही कब्जा देने के लिए प्राधिकरण इंजीनियर को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान देने को कहा । साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि इस प्रोजेक्ट को 6 महीने के अंदर पूरा किया जाए, ताकि लोगों को उनके घर का कब्जा दिया जा सके।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण सम्पन्न............

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य पद के मतदान हेतु क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में सेक्टर मजिस्ट्रेटों,माइक्रो आब्जर्वर एवं सभी मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिलाधिकारी डॉ0नितिन बंसल ने अधिकारियों से कहा कि जो वाहन और जो रूट एलाट किया गया है उसी से सभी जायेगें और वापस आयेगें।यह चुनाव सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में होगा और हर बूथ पर अर्धसैनिक बल तैनात किये जायेगें। चुनाव में गड़बड़ी करने वाले के खिलाफ सख्ती से निपटा जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता को मतदाता पहचान पत्र इपिक अथवा स्थानीय निकाय, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत के सक्षम प्राधिकारी अधिशासी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी/अपर मुख्य अधिकारी द्वारा निर्गत फोटोयुक्त पहचान पत्र लेकर मतदान केन्द्र पर आना होगा। मतदान केन्द्र के अन्दर कोई भी मतदाता कलम, कागज, मोबाईल या ज्वलनशील पदार्थ, पानी, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा लेकर आना वर्जित है। मतदाता मताधिकार का प्रयोग करने के बाद मतदान केन्द्र पर नही रूकेगा। मतदान केन्द्र में एक समय में एक ही मतदाता वोट डाल सकेगें। अभिकर्ता बूथ के बाहर रहकर पूरी मतदान प्रक्रिया देख सकेगें। वोटिंग कम्पार्टमेन्ट की वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी इस प्रकार की जायेगी कि मतदान की गोपनीयता कदापि भंग न हो। पूरे जनपद में धारा-144 लागू की गयी है, सभी जोनल मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी मतदान केन्द्रों पर विशेष रूप से इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध करायी गयी बैगनी रंग के मार्कर पेन से ही अपने मतों का प्रयोग करेगें। मतदान केन्द्र के अन्दर मतदान पार्टी के अतिरिक्त माइक्रो आब्जर्वर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहकर मतदान प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्नब करायेगें। मतदान की गोपनीयता भंग करने वाले के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कराते हुये कार्यवाही की जायेगी।अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) मुकेश चन्द्र ने कहा कि मतदाता सूची के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होने बताया कि फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली उपलब्ध करायी जायेगी। पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय के कार्यो एवं उनके दायित्वों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जो मतदाता निरक्षर एवं आशक्त है उनके जो सहायक होगें उनको भी वोटर आईडी की फोटोकापी पीठासीन अधिकारी के पास जमा करनी होगी। प्रशिक्षण में पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेंशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान सामान्य प्रेक्षक कंचन वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश, प्राचार्य अफीम कोठी शिव प्रकाश सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

**1.प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 अप्रैल 2022

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790

# दिव्यांगों के लिए कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्थायें पाएंगी राष्ट्रीय पुरस्कार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डॉ0रणजीत सिंह**

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राम प्रकाश सिंह ने बताया कि भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग नई दिल्ली द्वारा दिव्यांगों हेतु कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक वर्ष विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर को दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले व्यक्तियों/संस्थाओं को विभिन्न श्रेणी के राष्ट्रीय पुरस्कार दिये जाते हैं। जनपदों से राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र विभाग द्वारा भारत सरकार को प्रेषित किया जाता है।इस पुरस्कार की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन कर्मचारी/सर्वनियोजित, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ताओं तथा स्थानीय अधिकारी या एजेन्सी दिव्यांगजन व्यक्तियों के निमित्त सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था अनुप्रयुक्त अनुसंधान दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा संस्था, प्रेरणाश्रोत, दिव्यांगजन के जीवन के सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास दिव्यांगजन हेतु बाधा मुक्त वातावरण के सर्जन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य, दिव्यांगजन को पुर्नवास सेवायें प्रदान करने में सर्वश्रेष्ठ कार्य, सर्वश्रेष्ठ सर्जनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं बालक एवं बालिकायें सर्वश्रेष्ठ, ब्रेलप्रेस, दिव्यांगजन सवीत्तम अनुकूल व्यावसायिक, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्रों का प्रारूप भारत सरकार एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग नई दिल्ली की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक दिव्यांगजन एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था अपना प्रस्ताव तैयार कर 01 जुलाई 2022 यथाशीघ्र कार्यालय में उपलब्ध करायें ताकि नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

# जौनपुर में स्कूली बच्चों से भरी वैन पलटी, हादसे में घायल पांच बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**जौनपुर।** जिले में शुक्रवार की सुबह बच्चों से भरी एक स्कूली वैन सड़क के किनारे पलट जाने से उसमें मौजूद कई बच्चे घायल हो गए। वहीं हादसे की जानकारी होने के बाद अभिभावक भी आनन फानन पहुंचे और बच्चों का हाल जाना। स्थानीय लोगों के अनुसार वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया और मौके पर हादसा होने के बाद काफी देर तक बच्चों की चीख पुकार मची रही। हादसे की जानकारी होने के बाद मौके पर थाना पुलिस की टीम भी पहुंची और हादसे की जानकारी लेने के साथ ही बच्चों को अस्पताल में भर्ती भी कराया। वहीं अस्पताल में बच्चों की चीख पुकार भी काफी देर तक मची रही। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के राजेपुर स्थित टीडीएमसी पब्लिक स्कूल की एक वैन शुक्रवार की सुबह साढ़े सात बजे धर्मापुर क्षेत्र में अनियंत्रित होने के बाद सड़क के किनारे बुरी तरह से पलट गई। इस हादसे के दौरान स्कूल वैन में सवार रहे 15 बच्चों में से पांच छात्र बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे के बाद ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से घायल बच्चों को चोरसंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां बच्चों का समय से इलाज शुरू कराया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार धर्मापुर से स्कूली वैन में बच्चों को भरकर पीले रंग की वैन स्कूल की तरफ ही जा रही थी। स्कूली वैन सुबह करीब साढ़े सात बजे धर्मापुर के करीब पहुंची पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर अचानक पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूल वैन में दो शिक्षिकाएं भी बैठी थीं। चालक वाहन चलाते समय मोबाइल पर लगातार बात कर रहा था और वैन की गति भी सामान्य से काफी तेज थी। स्कूल वैन पलटने की इस घटना में अभिनव, शिवांगी, प्रांजल, अंश और रियल को मामूली चोट आई है। वहीं हादसा होने के बाद बच्चों के अभिभावक घटना की सूचना पर मौके पर पहुंच गए।

# विद्यापीठ रोड स्थित अपार्टमेंट में लगी आग, बिल्डिंग में फंसे 50 से ज्यादा लोगों को निकाला गया

**वाराणसी।** सिगरा थानांतर्गत विद्यापीठ रोड स्थित अन्नपूर्णा ग्रैंडयोर अपार्टमेंट में गुरुवार की रात भीषण आग लग गई। इस घटना में फ्लैट पूरी तरह से जलकर राख हो गया। जबकि लपटों की जद में आए तीन अन्य फ्लैट में लाखों की क्षति पहुंची है। अपार्टमेंट की ऊपरी तल में फंसे 50 से ज्यादा बाशिंदों को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर बाहर निकाला गया। अग्निशमन की एक दर्जन गाडियों ने देर रात तक आग बुझाना का प्रयास किया। मौके पर जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी डटे रहे।



# एमएलसी चुनाव: डीएम ने मेजा में पोलिंग बूथ का किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**विलास गुप्ता**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने गुरुवार को मेजा के मतदेय स्थल क्षेत्र पंचायत केन्द्र पर गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की उचित व्यवस्था रखने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य द्वार पर ही चेकिंग की व्यवस्था कराये जाने के



कार्यालय,उरुवा का निरीक्षण करते हुए क्षएम.एल.सी चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बैरिकेटिंग, जनरेटर सहित महिलाओं के लिए मतदेय स्थल पर अलग से व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मतदान निर्देश दिये है तथा वीडियोग्राफी कराऐ जाने के निर्देश दिये है। डीएम के निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व ,उपजिलाधिकारी मेजा विनोद कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आधुनिक शिक्षा के लिए मदरसों में एप से होगी पढ़ाई स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में जानेंगे बच्चे-राज्यमंत्री दानिश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शीतल निर्भीक**

**बलिया।उत्तर**-प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने अपने गृह जनपद बलिया मे भ्रमण के



दौरान मीडिया से कहा है कि आधुनिक शिक्षा के लिए मदरसा पाठ्यक्रम आधारित मोबाइल एप विकसित किया जाएगा। साथ ही मदरसों में महापुरुषों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जीवन गाथा भी पढ़ाई जाएगी। उनके मुताबिक,इसे लेकर शासन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ने बलिया में पत्रकारों से बातचीत में दानिश आजाद अंसारी ने यह जानकारी दी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कैबिनेट बैठक में बलिया के विकास पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बलिया के सरयू नदी के तट पर स्पर निर्माण कार्य, सिताबदियारा, इब्राहिमाबाद आदि की सुरक्षा के लिए रिंग बंधे के निर्माण की परियोजना पूर्ण कराएगी। इस दौरान उन्होंने बलिया के बैरिया तटबंधे की मरम्मत का कार्य,बलिया लिंक एक्सप्रेस-वे का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार परियोजना में लागत को 25 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ किया जाएगा। प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यकों के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्य के अंतर्गत पेयजल सुविधाओं के विकास के दृष्टिकोण से पेयजल योजना की समस्या को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आजमगढ़ में पुलिस मुठभेड़ के दौरान 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, पैर में गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती

**आजमगढ़।** जिले में लगातार बदमाशों की सक्रियता का दौर चल रहा है। लगाातर बदमाशों को घेरने के साथ ही फरार चल रहे बदमाशों में खिलाफ कार्रवाई का दौर चल रहा है। बदमाशों पर पुलिस की सक्रियता का आलम यह है कि



लगातार बदमाशों को पुलिस घेर कर मुठभेड़ के बाद उनको जेल भेज रही है। इसी कड़ी में देवगांव क्षेत्र में बदमाश और पुलिस का आमना- सामना हुआ तो लूट, डकैती समेत पांच मुकदमों में वांछित बदमाश को पुलिस ने घेर लिया और मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। लालगंज में देवगांव कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की सुबह 6:30 बजे करिया गोपालपुर मार्ग पर वन विभाग के जंगल के पास मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर व 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भागने के लिए बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगने से वह मौके पर गिर गया। पुलिस के अनुसार पैर में गोली लगने से घायल होने के बाद उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक शशिमौलि पांडेय सुबह गश्त पर थे। इसी बीच सूचना मिली कि बदमाश किसी घटना को अंजाम देने के लिए बुढ़ऊ बाबा मन्दिर के पास खड़ा है। इस पर पुलिस टीम तत्काल मंदिर के पास पहुंच गई। पुलिस को देख बदमाश महेंद्र बनवासी (40) पुत्र नखडू निवासी सिकरौरा, थाना देवगांव भागने लगा। पुलिस के पीछा करने पर फायर झोंक दिया। पुलिसकर्मी के जवाबी कार्रवाई में एक गोली उसके दाहिने पैर में लगी। गोली लगने के बाद घायल बदमाश को पुलिस ने उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वह डकैती के मामले में वांछित था। 25 हजार का इनाम घोषित था। वह थाने का हिस्ट्रीशीटर है। इस पर लूट, डकैती, गैंगस्टर के पांच मुकदमे दर्ज हैं।

# दुनिया में कहीं से भी पढ़ सकेंगे बीएचयू से संस्कृत, विभाग ने शुरू की आनलाइन क्लास

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने देवभाषा संस्कृत को विदेश में भी इच्छुक अभ्यर्थियों तक पहुंचाने की पहल की है। इसके लिए संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय का व्याकरण विभाग संस्कृत की आनलाइन कक्षा शुरू करने जा रहा है। हाई रेज्यूलेशन के कैमरे, प्रोजेक्टर, वाई-फाई समेत अत्याधुनिक यंत्रों से युक्त स्मार्ट क्लास तैयार हैं। आगामी सत्र से अध्यापन कार्य भी आरंभ कर दिया जाएगा व्याकरण विभागाध्यक्ष प्रो. रामनारायण द्विवेदी बताते हैं कि इन कक्षाओं में नामांकन कें लिए नेशनल टेक्षस्टग एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से आयोजित कंबाइंड यूनिवर्सिटी प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) उत्तीर्ण करनी होगी। काउंसिलिंग के जरिए विश्वविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होगी। विभाग अपनी कक्षाओं को हाइब्रिड (आनलाइन एवं आफलाइन) मोड में चलाएगा। परीक्षा भी किसी माध्यम से देने के लिए विद्यार्थी स्वतंत्र होंगे। अभ्यर्थी सनतक-परासनतक पाठ्यक्रम संग पाणिनी व्याकरण और भाषा विज्ञान भी पढ़ सकेंग विश्वविद्यालय के नियमानुसार आनलाइन कक्षाओं में मनमाने तरीके से जुड़ जाना ही पर्याप्त नहीं होगा। विद्यार्थी की उपस्थिति की गणना की जाएगी। ऐसी भी व्यवस्था बनाई गई है जिससे छात्र चाहें तो दोनों माध्यमों में शिक्षा ले सकते हैं। स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त संस्कृत व्याकरण में अनेक डिप्लोमा व विविध पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए अलग-अलग समय पर विभागीय समय-सारिणी अनुसार शिक्षण कार्य होगा। कक्षा में भौतिक रूप से 100 छात्र सम्मिलित हो सकेंगे, स्मार्ट क्लास में इसकी व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त जो छात्र किसी कारण से भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हो सकते, वे आनलाइन क्लास में उपस्थित रह सकते हैं। यदि किसी कारणवश कोई छात्र आनलाइन या आफलाइन कक्षा में नहीं शामिल हो रहा तब भी उसका अध्ययन बाधित नहीं होगा। क्लास की फुल कंटेंट रिकार्डिंग संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के एप पर उपलब्ध रहेगी। इसके लिए 'एसवीडीवी पाणिनी एप तैयार किया जा रहा है। विद्यार्थी अपना कोर्स वीडियो रिकार्डिंग देख व समझ कर पूरा कर सकता है। पाठ्यक्रम से जुड़ी किसी समस्या का समाधान भी एप के माध्यम से पा सकता है।

# उत्तर भारत में 11 अप्रैल तक हीट वेव के संकेत, वाराणसी में पारा 42 डिग्री से ऊपर बरकरार

**वाराणसी।** पूर्वांचल में मौसम का रुख सामान्य से अधिक बना हुआ है। पारे में इजाफा होने की वजह



से मौसम का रुख चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। जबकि वातावरण में नमी का असर कम होने की वजह से पूर्वांचल में बादलों की सक्रियता नहीं है और गर्मी का पर्याप्त असर चढ़े हुए तापमान की वजह से पूर्वांचल में हो रहा है। मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि आने वाले कुछ दिनों में मौसम का यही रुख बना रहेगा। इसकी वजह से गर्मी का व्यापक असर लोगों को झेलना तय है। माना जा रहा है कि अगले सप्ताह के बाद से मौसम का रुख बदल सकता है। बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य रहा। आर्द्रता अधिकतम 34 फीसद और न्यूनतम 11 फीसद दर्ज किया गया। मौसम विभाग की ओर से जारी सैटेलाइट तस्वीरों में पूर्वांचल में आसमान साफ बना हुआ है। जबकि, आने वाले दिनों में मौसम का रुख चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। दरअसल 11 अप्रैल तक हीट वेव का असर होने की वजह से वातावरण में गर्मी का असर पर्यात बना हुआ है। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार इस पूरे सप्ताह गर्मी का असर बना रहेगा। मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि आने वाले दिनों में मौसम का रुख सामान्य हो सकता है। माना जा रहा है कि आने वाले में दिनों में सौराष्ट्र से चलने वाली हवाओं का रुख बदल सकता है। इसकी वजह से पूर्वांचल में पुरवा हवाओं का रुख काबिज होने के बाद मौसम का रुख बदलेगा। वहीं आने वाले दिन में तापमान में अधिक बढोतरी के संकेत नहीं हैं लेकिन वातावरण में गर्मी का असर काबिज हुआ तो उमस का असर भी हो सकता है। माह भर के बाद से प्री मानसूनी बारिश की वजह से कुछ राहत भी मिलेगा। वहीं अगले पखवारे से अंधड़ का दौर भी हो सकता है।

# आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि की नगरी काशी में फिजिकल एक्टिविटी से सेहत के संरक्षा की पहल.........

**वाराणसी।** भगवान धन्वंतरि की नगरी काशी में आयुर्वेद को बढ़ावा देने के क्रम में संस्थाओं की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके



पर आयुर्वेद से बेहतर स्वास्थ्य की संकपल्पना को आगे बढ़ाने के लिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया गया। आयोजन का मकसद आयुर्वेद और योग ही नहीं दैनिक कार्य करते हुए खुद के सेहत की संरक्षा पर भी जोर दिया गया। इस आयोजन में बीएचयू के छात्र भी शमिल रहे, जिन्होंने साइकिल रैली के माध्यम से दिनचर्या में साइकिलिंग के महत्व को रेखांकित करते हुए लोगों की सेहत के लिए इसके महत्व पर बैनर भी जारी किया। वाराणसी में डीएस रिसर्च सेंटर की ओर से साइकिल रैली निकालकर लोगों को जागरुण किया गया। संस्था की ओर से बताया गया कि वर्ल्ड हेल्थ डे (विश्व स्वास्थ्य दिवस) पूरे विश्व में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए पूर्व से ही मनाया जाता रहा है। संस्था की ओर से बताया गया कि प्राचीन भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से कैंसर के इलाज में एक अग्रणी संस्था है। संस्था की ओर से बीएचयू के प्रांगण में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए सांकेतिक रूप में एक साइकिल रैली का आयोजन किया है। इस रैली में गुरुवार को छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के लिए मौलिक ज़रूरत जैसे मॉर्निंग वॉक साइकिलिंग योगा जैसे अन्य फिजिकल एक्टिविटी पर ज़ोर देना रहा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि कैंसर सहित तमाम रोगों में सेहत पर ध्यान देने और फिजिकल एक्टिविटी को लेकर सक्रिय रहने से स्वास्थ्य में आमूल चूल राहत देखने को मिला है। वहीं साइकिल चलाने से शरीर काफी सक्रिय हो जाता है। यह रैली लींबडी चौराहे से शुरू होकर वापस वहीं पर खत्म भी हुई। मौके पर रिसर्च सेंटर की ओर से पंकज त्रिवेदी शेखर त्रिवेदी, सुनील सिंह, विनय त्रिपाठी, सौरभ त्रिवेदी, अरविंद राय, वरुण सिंह और तमाम अन्य लोग भी शामिल रहे।

# अनूठी परंपरा : वाराणसी में धधकती चिताओं के बीच मेला राग विराग का, महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पर 8 अप्रैल को आयोजन

**वाराणसी।** एक तरफ धधकती चिताओं के पास से उठ रहा करुण विलाप दूसरी तरफ 'आइल बलम क संदेसवा हो रामा चइता मासे का अलसाया सा आलाप। एक ओर मन में विराग का भाव जगाती ज्वालाओं में भस्मीभूत हो रही मनुष्य की नश्वर काया तो दूसरी ओर जीने की ललक को चंग (पतंग) पर चढ़ाती महाठगिनी माया। चीत्कारों व समानांतर खनकती घुंघरुओं की झंकारों की शक्ल में एक ही तुला पर तुल रहे राग-विराग के भावों की युगलबंदी का यह दृश्य शुक्रवार को काशी के महाश्मशान मणिकर्णिका की सीढ़ियों पर फिर उपस्थित होगा। अवसर होगा-वासंतिक नवरात्र की सप्तमी तिथि तदनुसार आठ अप्रैल को काशी के श्मशान के अधिष्ठाता महाश्मशान नाथ के त्रिदिवसीय श्रृंगार महोत्सव का। इसमें काशी के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से आई वार वनिताएं (नगर वधुएं) अपनी रसभीनी प्रस्तुतियों के साथ महाश्मशान नाथ के दरबार में उपस्थिति दर्ज कराएंगी। सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार जीवन और मृत्यु के बीच की बारीक लकीर पर आधारित अंतिम सत्य की वास्तविक परिभाषा से परिचित कराएंगी। इन गणिकाओं के बीच मान्यता है कि बाबा श्मशान नाथ के दरबार में टांकी गई इस हाजिरी से उनके इस अधम जीवन का अभिशाप कट जाएगा, इहलोक रास



न आया न सही, परलोक संवर जाएगा। कहा जाता है कि 14वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में काशी आए राजा मानसिंह ने मणिकर्णिका तीर्थ पर अवस्थित जीर्ण-शीर्ण श्मशान नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया, तो रीति के अनुसार धार्मिक अनुष्ठानों के बाद मंगल उत्सव के लिए नगर के संगीतज्ञों को भी आमंत्रित किया। खेदजनक रहा कि कतिपय पूर्वाग्रही हिचक के चलते स्थापित कलाकारों ने मंगल उत्सव में भाग लेने से मना कर दिया। राजा मानसिंह व्यथित हुए और मंदिर में बगैर उत्सव आयोजित किए ही दिल्ली लौटने की तैयारियों में जुट गए। काशी के पुरनिये बताते हैं कि कानोंकान यह खबर जब नगर की वार वनिताओं तक पहुंची तो उन्होंने अपने आराध्य नटराज स्वरूप महाश्मशानेश्वर नाथ की महफिल सजाने का एकमत निणय्र लिया और सहज संकोच के साथ राजा साहब को संदेश पठाया कि वे मंगल उत्सव सजाने को सिर्फ तैयार ही नहीं, आतुर हैं। संदेश पाकर राजा मानसिंह प्रसन्न हुए।

# गाजीपुर में सपा के पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह ने पार्टी छोड़ी, पार्टी के कई राज उजागर कर चौंकाया

**गाजीपुर।** पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह ने बसपा सांसद अफजाल अंसारी और मुख्तार पर निशाना साधने के साथ ही पार्टी से अपनी राह अलग कर ली। वह किस पार्टी में जा रहे हैं अभी उन्होंने स्पष्ट नहीं किया है। एमएलसी चुनाव के पूर्व समाजवादी पार्टी के लिए यह बड़ा झटका माना जा रहा है, दूसरी ओर जिले में सभी विधायक सपा और गठबंधन के होने की वजह से पार्टी में बगावत होना सपा के लिए पूर्वांचल में चुनौती और बढ़ गई है। सपा के पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह ने अंसारी बंधुओं की वजह से सपा में अपराधीकरण होने का आरोप लगाते हुए पार्टी से बुधवार को इस्तीफा दिया तो सियासी हलकों में पूर्वांचल में सपा में अंदरूनी नाराजगी सामने आ गई। उनका कहना था कि राजनीति से अपराधीकरण खत्म होना चाहिए, लेकिन यहां तो अपराधी के बेटे को टिकट देकर विधायक बनाया जा रहा है। अपराधियों का बोलबाला होने की वजह से ही इस बार सपा की सरकार नहीं बनी सकी है। पूर्व सांसद ने कहा कि वह पिछले 33 वर्षो से पूरी निष्ठापूर्वक पार्टी से जुड़े हुए थे, लेकिन अफसोस है कि जिले में सपा को माफिया चला रहा है। बसपा सांसद अफजाल अंसारी पर्दे के पीछे से सपा की राजनीति कर रहे हैं। उनकी पूरी दखलअंदाजी सपा में बनी हुई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का हुजूम लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिलने के लिए उमड़ा हुआ था। कई घंटे तक खड़े रहने के बावजूद कार्यकर्ताओं से अखिलेश की मुलाकात नहीं हुई, लेकिन मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास के पहुंचते ही अंदर बुलाकर उनसे मुलाकात कर ली।

# दहेज हत्याः दोषी पति-सास को 10-10 वर्ष की कैद

(आधुनिक समाचार सेवा)
चिन्ता पान्डेय

**सोनभद्र।** नौ वर्ष पूर्व हुई गंगोत्री हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय राहुल मिश्रा की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पति नंदलाल गुप्ता एवं सास दुर्गावती देवी को 10-10 वर्ष की कैद एवं 26-26 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जबकि आरोपी देवर संजय गुप्ता को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाने में 17 मई 2013 को दी तहरीर में करमा थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव की बिमल देवी पतनी स्वर्गीय बच्चेलाल गुप्ता ने आरोप लगाया था कि उसने अपनी बेटी गंगोत्री उर्फ सरोजा की शादी 29 फरवरी 2012 में चोपन थाना क्षेत्र के मीनाबाजार गांव निवासी नंदलाल गुप्ता पुत्र स्वर्गीय मेवालाल गुप्ता के साथ किया था। शादी के दूसरे दिन सुबह बेटी विदा होकर अपनी ससुराल गई। चार दिन तक पहली बार वहां पर रही। पुनः एक माह बाद विदा होकर ससुराल गई तो पति नन्दलाल गुप्ता, सास दुर्गावती देवी व देवर संजय गुप्ता के द्वारा दहेज में बाइक व सिकड़ी की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। जबकि शादी में एक लाख रुपये नकद, सिकड़ी, अंगूठी, बर्तन आदि उपहार स्वरूप अपनी सामर्थ्य के अनुरूप दिया गया था। बेटी ने मोबाईल से इस वाकये की जानकारी दी थी। जब दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो 30 अप्रैल 2013 को सभीलोगों ने बेटी को जलाकर मार डाला। बेटी की मौत के बाद सदमा लग गया था जिसकी वजह से ठीक होने पर तहरीर दे रही हूं। इस तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या में एफआईआर दर्ज कर लिया और पुलिस विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत पाए जाने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पति नंदलाल गुप्ता एवं सास दुर्गावती देवी को 10-10 वर्ष की कैद एवं 26-26 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं आरोपी देवर संजय गुप्ता को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी विजय यादव ने बहस की।

# ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, की नारेबाजी

**सोनभद्र ।** कलेक्ट्रेट परिसर में शाहगंज थाना क्षेत्र के किगरी ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को लेखपाल व संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। साथ ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। गांव से आए ग्राम प्रधान रमेश सिंह, रमजान, रशीद, इरशाद, प्रमोद कुमार, राजबहादुर, रियासत, राजन, ओम प्रकाश, अरशद, अयोध्या, बच्चा ने बताया कि किगरी ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग पर ही गांव के एक व्यक्ति की जमीन पड़ती है। 2001 में ही स्टांप पर ग्राम प्रधान की मौजूदगी पर में जमीन जनहित व गांव के लाभ के लिए अनुदान कर दी गई थी। इसको लेकर तत्कालीन प्रधान ने मिट्टी व गिट्टी डलवा कर मार्ग शुरू करा दिया था, जिस पर गांव के लगभग हजारों आबादी का आवागमन शुरू हो गया था। विगत कुछ दिन पूर्व सड़क पक्की होने के लिए पास हुई तो गांव के दबंग लोगों ने लेखपाल व स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद से जेसीबी से सड़क को खोदवा दिया। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया कि वर्ष 2001 में जिस जमीन पर संपर्क मार्ग बना है, उसी जमीन को स्टांप पेपर पर लिख कर अपना हस्ताक्षर एवं ग्राम पंचायत के मानिद व्यक्तियों के हस्ताक्षर से उसे दान कर दिया गया था। बुधवार को हल्का लेखपाल, तहसीलदार घोरावल व थाना के कुछ सिपाही मौके पर पहुंचे और सड़क को जेसीबी से खोदवा दिया। इससे आवागमन अवरूद्ध हो गया। ग्रामीणों ने सड़क बनवाने की मांग की है।



# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के द्वारा डाला नगर में किया गया फ्लैग मार्च लिए जायजा

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरी

**डाला (सोनभद्र)।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र में आज बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया जनपदीय पुलिस द्वारा मय फोर्स के डाला चौकी क्षेत्रों में पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के लिए बाजार के दुकानदारों को कहां और नगर में अवैध कब्जाधारीओ को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए साथ ही नगर में नशा मुक्ति व चोरी जैसी घटनाओं के रोकथाम पर भी विशेष ध्यान देने के साथ डाला चौकी परिसर के स्वक्षता पर ध्यान आकर्षित करतें




वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गयी बृहस्पतिवार शाम साढ़े पांच बजे पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के द्वारा आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अकुंश लगाने के दृष्टिगत डाला नगर में पैदल गश्त किए वहीं फ्लैग मार्च के दौरान डाला हुए डाला चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर का सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने डाला नगर में भ्रमण किया इस दौरान चोपन थानाध्यक्ष के के सिंह, हाथी नाला थानाध्यक्ष रवींद्र प्रसाद, वं डाला चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर, अपने मय फोर्स के साथ फ्लैग मार्च में शामिल रहे।

## इनोवा से टकराकर ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार, एक की मौत

**गोविंदपुर (सोनभद्र) ।** म्योरपुर थाना क्षेत्र के देवरी गांव में गुरुवार की शाम करीब चार बजे इनोवा कार व मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसके बाद बाइक सवार एक ट्रक के चपेट में आ गए। इससे अजय कुमार (25) की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दो युवकों का उपचार चल रहा है।

# बिजली की मांग 400 मिलियन यूनिट पार

**ओबरा (सोनभद्र) ।** तापमान के 42 डिग्री तक पहुंचने के कारण प्रदेश में बिजली की मांग अप्रैल के शुरुआती सप्ताह में ही रिकार्ड ऊंचाइयों पर चली जा रही है। वातानुकूलित यंत्रों के ज्यादा से ज्यादा चलने के कारण बिजली की मांग बुधवार पीक आवर के दौरान पुनः 400 मिलियन यूनिट पार कर गई। पिछले 10 दिनों के अंदर यह तीसरा मौका है जब मांग 400 मिलियन यूनिट पार कर गई। बुधवार शाम अधिकतम प्रतिबंधित मांग 403.142 मिलियन यूनिट दर्ज की गई। पिछले वर्षों तक अप्रैल में बिजली की अधिकतम मांग 400 मिलियन यूनिट तक नहीं पहुंचती थी। मांग पूरा करने के लिए केंद्रीय पूल पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। बुधवार पीक आवर के दौरान 138 मिलियन यूनिट से ज्यादा बिजली केंद्रीय पूल से आयात की गई। इससे पहले कभी भी अप्रैल माह में अधिकतम मांग 20 हजार मेगावाट तक नहीं पहुंची थी। अप्रैल 2021 में अधिकतम प्रतिबंधित मांग का रिकार्ड 19837 मेगावाट था जो कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में दर्ज किया गया था, लेकिन इस वर्ष अप्रैल के पहले सप्ताह में ही पुराने सभी रिकार्ड ध्वस्त हो गए। अप्रैल के पहले दिन ही रिकार्ड 415.18 मिलियन यूनिट बिजली की उपलब्धता बनानी पड़ी थी। चालू माह में अभी तक एक अप्रैल को प्रतिबंधित मांग 411.5 मिलियन यूनिट, दो को 398.4 मियू, तीन को 390.5 मियू, चार को 396.5 मियू, पांच को 396.5 मिलियन यूनिट दर्ज की गयी है। बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए राज्य विद्युत उत्पादन हरदुआगंज आदि तापीय परियोजनाओं से जमकर उत्पादन कराया गया। दोपहर दो बजे के करीब ओबरा परियोजना से 650 मेगावाट, अनपरा अ ताप घर से 505 मेगावाट, अनपरा ब तापघर से 907 मेगावाट तथा अनपरा डी



निगम सहित निजी क्षेत्र की इकाइयों से उत्पादन बढ़ाया गया है। उत्पादन निगम की ज्यादातर इकाइयों को ज्यादा लोड पर चलाया जा रहा है। गुरुवार दिन में उत्पादन निगम की अनपरा, ओबरा और से 959 मेगावाट उत्पादन कराया जा रहा था। समाचार लिखे जाने तक उत्पादन निगम की कुल इकाइयों से 4233 मेगावाट तथा अन्य इकाइयों से 6708 मेगावाट उत्पादन कराया जा रहा था।

# एक वाछित अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरी

**डाला (सोनभद्र)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में गोवध तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व इसमें निवासी ग्राम पडरछ टोला पुरवा थाना कोन जनपद सोनभद्र कुछ माह पूर्व गोवध निवारण अधिनियम एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत हाथीनाला थाना पर पंजीकृत मु0,अ0,स0 13/2022 धारा3/5/8 गोवध अधिनियम निवारण वांछित




सम्मिलित अपराधियों गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज बृहस्पतिवार को सुबह लगभग 7:00 बजे हाथीनाला थाना पुलिस द्वारा एक वाछिंत अभियुक्त को गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया गया पकड़े गए युवक शमशेर अहमद पुत्र स्वर्गीय हैदर अली युवक फरार था जिसे कोन थाना अंतर्गत देवाटन ससुराल से सुबह ही छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार करने वाली टीम में हाथी नाला थाना प्रभारी रविंद्र प्रसाद, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, यादव आरक्षी तेजस्वी यादव ,आरक्षी जसवंत कुमार, शामिल रहे

# तार टूटकर गिरने से गुमटी में लगी आग, हजारों का सामान जला

**सोनभद्र ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरवाडीह में बुधवार की रात्रि गुमटी के ऊपर से गुजर रहा हाई टेंशन तार टूटकर गिरने से उसमें आग लग गई। इससे गुमटी में रखा परचून का सामान जल गया। बरवाडीह निवासी जहरून खातून पत्नी स्व. नासिर अहमद चार वर्ष पूर्व अपने पति की मौत हो जाने के बाद गुमटी में परचून की दुकान खोलकर अपना और अपने दो बच्चों का भरण पोषण करती थी। लगभग एक वर्ष पूर्व मिले आवास में रहती थी। आवास जो मिला था, वह भी पूर्ण रूप से तैयार नही था। बुधवार की रात गुमटी के उपर से गुजर रहा तार शार्ट सर्किट होकर गुमटी पर ही गिर गायब रात होने की वजह से किसी को जानकारी नहीं हो सकी और गुमटी में रखा सारा समान धूं- धूं कर जल गया।

# विक्षिप्त महिला का रेलवे ब्रिज पर मिला क्षत विक्षत शव

**महुली (सोनभद्र) ।** विढमगंज थाना क्षेत्र के देवढ़ी गांव में गुरुवार को सुबह कनहर नदी पर स्थित रेलवे ब्रिज पर एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। देवढ़ी ग्राम प्रधान श्रीकांत यादव ने बताया कि देवढ़ी गांव निवासी मुनिया देवी (40) पतने छट्ठू लोहार पिछले कई वर्षों से अर्धविक्षिप्त अवस्था में रहती थी। वह अपने परिजनों को बिना बताए ही इधर -उधर निकल जाया करती थी। मृतका के पति छट्ठू लोहार ने बताया कि बुधवार को रात्रि में किसी समय उसकी पतनी मुनिया घर से बाहर निकल गई और गुरुवार को सुबह कनहर रेलवे ब्रिज पर उसका शव क्षत विक्षत अवस्था में पाया गया। ग्रामीणों को जैसे ही घटना की खबर लगी, घटनास्थल पर भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना पर पहुंचे विढमगंज थाना प्रभारी सूर्यभान ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवा दिया।

# मुख्य बांध पर डेस्क स्लैब ढालने का कार्य हुआ पूरा

**दुद्धी (सोनभद्र) ।** अप्रैल के प्रथम सप्ताह में कनहर सिचाई परियोजना के स्पिलवे के सभी सोलह फाटक के डेस्क स्लैब ढालने एवं मुख्य बांध पर गेट लगाने का काम शुरू होने पर मुख्य अभियंता हर प्रसाद ने मातहत अभियंताओं के साथ कार्यदायी संस्था के अधिकारियों की पीठ थपथपाई। गुरुवार को मुख्य अभियंता परियोजना के प्रगति का जायजा लेने के दौरान काशी हिदू विश्वविद्यालय के अनुसंधान केंद्र से डा. पीकेएस दीक्षित की अगुवाई में आए तीन सदस्यीय भूगर्भ वैज्ञानिकों के साथ बाई राकफिल के लिए चल रहे ग्राउटिग एवं ट्रीटमेंट आदि को लेकर नदी में खड़े होकर घंटों चर्चा कर बांध बांधने की प्रक्रिया पर अंतिम मुहर लगाई। निरीक्षण के पश्चात मातहत अभियंताओं व कार्यदायी संस्था के साथ फिल्ड हास्टल में हुई बैठक में उन्होंने मुख्य बांध के डेस्क स्लैब का कार्य पूर्ण करने, हाइड्रोलिक फाटक एवं बाई राकफिल शुरू करने के पूर्ण नदी में ग्राउटिग एवं ट्रीटमेंट का काम शुरू होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इसी तरह की तेजी आगे भी देखने को मिले। श्री प्रसाद ने मातहत अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे जून माह के पूर्व नदी के बीच होने वाले सभी कार्य पूर्ण कर ले। जिससे आगामी नवंबर माह से बांध बांधने की प्रक्रिया शुरू किया जा सके। इसमें किसी तरह की कोताही एवं ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि परियोजना के अन्य लंबित कार्यों की समीक्षा के दौरान उसे भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। जिससे परियोजना की अनुमोदित धनराशि स्वीकृत होने के साथ नहरों का कार्य भी बगैर किसी अवरोध के पूरा करने का अभियान शुरू किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने हाइड्रोलिक गेट लगाने में किसी तरह की कोई चूक न हो, इसके लिए जिस संख्या पर गेट लगाना हो, उस खंड में पूरा कार्य समाप्त करने के बाद ही दूसरे खंड की प्रक्रिया शुरू करे। इसके पूर्व वे अधीक्षण अभियंता दीपक कुमार एवं सीमांत अग्रवाल के साथ स्पिलवे, डेस्क स्लैब, गेट एवं पत्थर पिचिग के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जमीनी हकीकत से रूबरू होने के बाद वे मातहतों को कई दिशा निर्देश भी दिया। वहीं कंपनी के अधिकारियों से भी कई मसलों पर सलाह मशविरा किया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता एसपी चौधरी, राम आशीष, विनोद कुमार, सहायक अभियंता संजय गुप्ता, टीएन झा, आशुतोष मिश्रा, राजकुमार जायसवाल, अवर अभियंता नंदलाल, धीरेंद्र कुमार कौशिक, रतन श्रीवास्तव, नीरज प्रजापति के साथ कार्यदायी संस्था के पीवीआरवी वर्मा, पीएम भाष्कर, सत्यनारायण राजू आदि रहे।



# अस्पताल में मरीजों का बांटा फल, चलाया सफाई अभियान

**सोनभद्र ।** भाजपा अपने स्थापना दिवस से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक समरसता सप्ताह मना रही है। इसके तहत गुरुवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में राब्र्टसगंज स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। फिर जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी में मरीजों को फल वितरित किया गया। यहां जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस से बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक समरसता सप्ताह आयोजित कर सेवा कार्य किया जाएगा। सेवा कार्य के अंतर्गत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, अस्पतालों में फल वितरण का कार्य, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर व सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व्यवस्था आदि के माध्यम से सेवा का कार्य किया जाएगा। भाजपा सभी समुदाय के प्रति एक अच्छी विचारधारा के साथ सबका साथ सबका विश्वास के साथ चलने वाली पार्टी है। पार्टी आज विश्व के शिखर पर अपनी पहचान बनाई है। इस दौरान अजीत रावत, उदयनाथ मौर्य, कृष्णमुरारी गुप्ता, शंभूनारायण सिंह, अनूप तिवारी, राकेश मेहता, विनय श्रीवास्तव, बलराम सोनी, रमेश जायसवाल, दिलीप चौबे, आशीष केशरी, विनोद सोनी, विजय केशरी, संतोष भारती, ध्रुवकांत द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।



# महिलाओं, बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति करें जागरूक..............

सोनभद्र : पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने महिला सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी की। इसमें सभी थानों पर नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारी, एंटी रोमियो टीम के सदस्य शामिल रहे। इसमें महिलाओं, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने तथा उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक करने, उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम पर चर्चा की गई। इस दौरान एसपी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण और स्वावलंबन शासन की प्राथमिकता है। मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में चेतना बढ़ाना व विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सहभागिता को बढ़ाना है। हम सबको मिलकर महिलाओं के सशक्तीकरण व उनमें जागरूकता के लिए प्रयास करना होगा, जो कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने सभी थानों से आयी महिला बीट पुलिस अधिकारी, एंटी रोमियों दल को निर्देश दिया कि इस विशेष अभियान में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण, सुरक्षा, सम्मान के प्रति जागरूकता प्रदान किए जाने के लिए महिला बीट पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूल, कॉलेजों, गांवों, सार्वजनिक स्थलों व स्थापित मिशन शक्ति कक्ष में नियमित रूप से जाकर बालिकाओं, महिलाओं से संवाद करें। शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें जागरुक करें। उनकी समस्याओं को सुने व उनका त्वरित निस्तारण कराए जाने का हरसंभव प्रयास करें। अपने क्षेत्र की प्रभावशाली महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एनजीओ आदि से लगातार समन्वय स्थापित कर महिलाओं को जागरुक करें। अपने क्षेत्र में पड़ने वाले विभिनन्‍ स्कूल, कालेज में जाकर छात्र-छात्राओं से वार्ता करें व उन्हें बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न कानूनी धाराओं, नियमों व विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों व महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अन्य अपराधों पर कानूनी कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए जागरुक करें। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विनोद कुमार, प्रतिसार निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ सीमा सिंह, महिला थाना प्रभारी संतू सरोज, जिला प्रोबेशन विभाग से सीमा द्विवेदी, साधना मिश्रा समेत अन्य रहीं।

# स्कार्पियो के धक्के से दुकान गिरी, सामान नष्ट

**डाला (सोनभद्र) ।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के सीमेंट फैक्ट्री के समीप बने ओवरब्रिज के नीचे अनियंत्रित स्कापिन्यो गुरुवार को एक परचुन की दुकान में जा घुसी। दुकान ध्वस्त हो गया और सामान तहस नहस हो गया। घटना के संबंध में बताया गया कि स्कापिन्यो सवार ओबरा से रेणुकूट की तरफ जा रहे थे। ओवरब्रिज के नीचे से मुख्य मार्ग को जाने के लिए सर्विस रोड पर घूमते ही अचानक सामने आया बाइक सवार को बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर सर्विस रोड किनारे बनी किराना दुकान में जा घुसी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना में शामिल वाहन को चौकी परिसर में खड़ा करा लिया।

# शक्ति रूपेण संस्थिता

**सोनभद्र ।** जमालपुर गांव में काली माता मंदिर बाजार से पांच सौ मीटर दूर देवकली इंटर कालेज के पूर्वी बाउंड्रीवाल के पीछे दक्षिण दिशा में है। मंदिर की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैली हुई है। यह मंदिर वर्षों से भक्तों के बीच आस्था का केंद्र बना हुआ है। माता के धाम सवारी व निजी वाहन से पहुंचा जा सकता है। नवरात्र में मां के चरणों में शीश नवाने भारी संख्या में भक्त धाम पहुंचते हैं। प्राचीन काली माता मंदिर का इतिहास लगभग 100 वर्ष पुराना है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के दक्षिण दिशा की तरफ निर्जन स्थान में पीपल के पेड़ में चांदी की काली मां की मूर्ति थी। करीब 100 वर्ष पूर्व गांव में भीषण अकाल पड़ा था। गांव में आए एक ब्राह्मण ने बताया कि पूज्य काली माता के प्रकोप से महामारी फैली हुई है। मां के स्वपन देने पर शिवमूरत मौर्य काली माता की मूर्ति को घर ले जाकर पूजा पाठ करने लगे। 1999 ई. में शिवमूरत के पुत्र बच्चेलाल को माता ने अपने पूर्व के स्थान पर मंदिर बनवाकर स्थापित करने का स्वपन दिया। इसके बाद जनसहयोग से भव्य काली माता के मंदिर का निर्माण कराकर माता की मूर्ति की स्थापना की गई। दूरमाता के दरबार में सच्चे हृदय से हाजिरी लगाने वाले भक्तों का उद्धार होता है। मां का दर्शन करने से आत्मिक शांति मिलती है। माता बिगड़े काम बनाती है। माता की कृपा भक्तों पर सदैव बरसती रहती है। माता का दरबार जागृत है। माता के दरबार से कोई खाली हाथ वापस नहीं लौटता। माता अपने भक्तों की झोली खुशियों से भर देती हैं। सच्चे मन से मां की प्रार्थना करने वाले भक्त की माता मनोकामना पूर्ण करती हैं।



# पाकिस्तान के बाबर आजम ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का बड़ा रिकार्ड, बनाई दिग्गजों की लिस्ट में जगह


**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बल्लेबाज बाबर आजम का बल्ला इन दिनों जोरों से चल रहा है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई



हालिया वनडे सीरीज में इस बल्लेबाज ने कई रिकार्ड अपने नाम किए। दो धमाकेदार लगातार शतक जमाने के साथ ही वह आइसीसी रैंकिंग में भी अपनी बादशाहत को और मजबूत की। आलटाइम रैंकिंग लिस्ट में बाबर ने सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल कर दिग्गज सचिन तेंदुलकर को पीछे कर दिया। आस्ट्रेलिया के साथ घर पर खेली गई सीरीज में बाबर ने जमकर रन बनाए। टेस्ट सीरीज में उनके बल्ले से कुल 390 रन निकले जिसमें दूसरे टेस्ट में खेली गई 196 रन की पारी भी शामिल थी। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में बाबर ने आखिरी दो मैच में लगातार शतक जमाते हुए टीम के सीरीज में 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन के आधार पर बाबर ने आइसीसी रैंकिंग में अपनी जगह और मजबूत कर ली। आइसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में सबसे ज्यादा अंक हासिल करने वाली आल टाइम लिस्ट में अब बाबर सचिन के उपर निकल गए हैं। मास्टर 887 अंक लेने के साथ इस लिस्ट में 15वें नंबर पर कायम थे। बाबर ने 891 अंक लेने के साथ ही उनको पीछे कर इस स्थान पर जगह बनाई। इस लिस्ट में पहले स्थान पर वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज विव रिचर्ड्स हैं। उनको नाम 935 अंक हासिल करने का रिकार्ड है। दूसरे नंबर पर 931 अंक के साथ पाकिस्तान के जहीर अब्बास है तो तीसरा स्थान 921 अंक हासिल करने वाले आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल हैं। चौथे नंबर पर इंग्लैंड के डेविड गावर हैं उनके नाम पर 919 अंक हासिल किए थे। डीन जोन्स ने 918 अंक के साथ इस लिस्ट में पांचवां स्थान हासिल किया था। 911 अंक लेकर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने छठा स्थान हासिल किया था।

# मैच में दिल्ली के धाकड़ गेंदबाज पर अंपायर ने लगाई रोक, इस वजह से लिया फैसला

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलने उतरी। दिल्ली टीम की तरफ से मेगा आक्शन से पहले रिटेन किए गए स्टार तेज



गेंदबाज एनरिच नाखिय्रा के सीजन का आगाज निराशाजनक रहा। साउथ अफ्रीका के इस गेंदबाज को सीजन के पहले ही मैच में एक गलती की सजा अंपायर की तरफ से मिली। उनको मैच में ओवर का कोटा पूरा करने नहीं दिया गय गुरुवार को लखनऊ की टीम ने दिल्ली के खिलाफ टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। दिल्ली के लिए पृथ्वी शा ने धमाकेदार शुरुआत करते हुए आतिशी हाफ सेंचुरी जमाई। 34 गेंद पर इस खिलाड़ी ने 61 रन बनाए और अपना विकेट गंवाया। इसके बाद टीम रन रेट बरकरार नहीं रख पाई और लखनऊ की कसी हुई गेंदबाजी के सामने 3 विकेट गंवाने के बाद 149 रन तक ही पहुंच पाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ के लिए डि काक ने शानदार अर्धशतक जमाया। 52 गेंद पर वह 80 रन बनाकर आउट हुए। इस पारी के दौरान उन्होंने अपने ही देश के एनरिच की जमकर पिटाई की। पहला ओवर करने आए इस गेंदबाज को तीन चौके और 1 छक्का जमाते हुए 19 रन जड़ दिया। इसके बाद 14वां ओवर जब वो करने आए तो उनको 14 रन पड़े। इसी ओवर में उन्होंने एक दो नो डाले जिसकी वजह से अंपायर ने उनको गेंदबाजी के हटा दिया। उनको ओवर को कुलदीप यादव ने पूरा किया। दिल्ली के खिलाफ लखनऊ ने आखिरी ओवर में रोमांचक जीत दर्ज की। 150 रन का पीछा करते हुए टीम को आखिरी 6 गेंद पर 5 रन की जरूरत थी। शार्दुल ठाकुर ने पहली गेंद पर विकेट चटकाया इसके बाद अगली गेंद को नए बल्लेबाज आयुष बदोनी ने छोड़ दिया। ओवर की तीसरी और चौथी गेंद पर एक चौका और फिर छक्का लगाकर उन्होंने मैच खत्म कर दिया।

# क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने जारी किया कांट्रैक्ट लिस्ट

**नई दिल्ली।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 2022-23 सेशन के लिए अपना नया कांट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दिया है। तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन को इस सूची में जगह नहीं मिली है जबकि पहली बार इस सूची में विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को शामिल किया गया है। 20 खिलाडि़यों की इस सूची में स्काट बोलैंड, उस्मान ख्वाजा और मिचेल मार्श जैसे नाम



हैं। तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन और टिम पेन को भी इस सूची में जगह नहीं मिली है। पेन को अनिश्चिचकाल के लिए ब्रेक दिया गया है। पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने वाले ट्रेविस हेड, मार्कस स्टोइनिस और इस दौरे पर डेब्यू करने वाले लेग स्पिनर मिचेल स्वेपसन को भी इस सूची में जगह मिली है। आगामी टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए जोश इंगलिस को जगह मिली है जिन्होंने हाल में श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड को भी इस सूची में जगह नहीं मिली है जिन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ अच्छी पारी खेली थी। इस सूची में झाई रिचर्डसन का न होना सबके लिए हैरानी की बात है क्योंकि उन्होंने एडिलेड में एशेज के दौरान 5 विकेट लिए थे। हालांकि उसके बाद उन्हें सीरीज के बाकी मैचों में मौका नहीं मिला था। ऐतिहासिक पाकिस्तान दौरे पर भी उन्हें मौका नहीं दिया गया था। दूसरे तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन पिछले कांट्रैक्ट में केवल 4 टी20 मैच खेल पाए थे। पाकिस्तान दौरे पर वे वनडे सीरीज से पहले चोट के कारण बाहर हो गए थे। दूसरी तरफ ट्रेविस हेड को उनकी शानदार बल्लेबाजी का इनाम मिला है। उन्होंने एशेज में दो शतकीय पारी खेलने के अलावा पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में भी अच्छी बल्लेबाजी की थी। एश्टन एगर, स्काट बोलैंड, एलेक्स केरी, पैट कमिंस, एरोन फिंच, कैमरान ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशाने, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, स्टीवन स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्वेपसन, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

# गुजरात और पंजाब के बीच मुकाबला, हार्दिक को चुनौती देंगे मयंक

**मुंबई।** गुजरात टाइटंस की टीम आइपीएल के मुकाबले में शुक्रवार को जब पंजाब किंग्स के सामने मैदान में उतरेगी तो शानदार लय में चल रहे उसके तेज गेंदबाजों के सामने विरोधी टीम के आक्रामक बल्लेबाजों की चुनौती होगी। टीम की संरचना और संतुलन को देखे तो गुजरात और पंजाब में काफी अंतर है। इस मैच को ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा जहां की पिच को रनों के अंबार के लिए



जाना जाता है। पंजाब ने अपने शुरुआती तीन मैचों में पावरप्ले के ओवरों के दौरान ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर पारी की दिशा तय करने की कोशिश को दर्शाया है। इस मैच में भी आतिशी बल्लेबाजी करने वाले लियाम लिविंगस्टोन और न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज लाकी फर्ग्यूसन के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिल सकता है। लिविंगस्टोन के लिए टीम ने आइपीएल की बड़ी नीलामी में सबसे अधिक रकम (कप्तान मयंक अग्रवाल के रिटेंशन के अलावा) खर्च की थी। अपनी गति और उछाल से दिल्ली कैपिटल्स के मनदीप सिंह को खौफजदा करने वाले फर्ग्यूसन इस बार लिविंगस्टोन के खिलाफ यह काम करना चाहेंगे। लिविंगस्टोन ने चेनन्ई सुपरकिंग्स के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 32 गेंद में 60 रन की पारी खेली थी। आइपीएल के मौजूदा सत्र के शुरुआती दो सप्ताह में मुहम्मद शमी और फर्ग्यूसन की तेज गेंदबाजी की जोड़ी सबसे कारगर साबित हुई। पंजाब के मुख्य कोच अनिल कुंबले पावरप्ले के ओवरों के दौरान टीम को नियंत्रण में रखने की रणनीति तैयार करना चाहेंगे। गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या फिर से पूरे दमखम के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं और उनकी गेंदों की गति 140 तक पहुंच रही है। राशिद खान जैसे स्पिनर की मौजूदगी से गुजरात का आक्रमण और मजबूत हो रहा है। टीम की कमजोर कड़ी हालांकि बल्लेबाजी है जहां शुभमन गिल और पांड्या को छोड़कर कोई और रन नहीं बना पा रहा है। पंजाब के लिए अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और कप्तान अग्रवाल ने अभी तक महत्वपूर्ण योगदान नहीं दिया, लेकिन वे गुजरात के खिलाफ लय हासिल करना चाहेंगे।

# शिखर धवन के प्रपोजल को एक महिला ने किया था रिजेक्ट, फिर उन्होंने दिया था कुछ ऐसा जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के बल्लेबाज शिखर धवन इंडियन प्रीमियर लीग



(आइपीएल) में कई फ्रेंचाइजी के लिए खेल चुके हैं, जिसमें पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई), सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच), डेक्कन चार्जर्स, दिल्ली कैपिटल (डीसी) शामिल हैं और अब वो आइपीएल 2022 में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज को ने मेगा नीलामी के दौरान 8.25 करोड़ की भारी कीमत पर हासिल किया था। वह कुछ समय पहले खेल के तीनों प्रारूपों में भारत के पसंदीदा सलामी बल्लेबाज भी थे और एकदिवसीय मैचों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बने हुए है 36 साल के धवन ने पंजाब किंग्स के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान एक मजेदार खुलासा किया। उन्होंने जो किस्सा सुनाया वो तब का था जब उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था। धवन ने कहा कि एक बार मैंने एक लड़की को प्रपोज किया और उसने मुझे ठुकरा दिया। वह उस समय खेलती थी और उसके चेहरे का रंग सांवला था। तो, आप जानते हैं कि मैंने क्या कहा मैंने उनसे कहा कि आपने कोहिनूर हीरे को अस्वीकार कर दिया है।आइपीएल में दिल्ली कैपिटल्स फ्रैंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन के बाद अब वो पंजाब का हिस्सा हैं और इस सीजन में वो पंजाब के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं उनके आइपीएल करियर की बात करें तो बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 195 आइपीएल मैचों में 5875 रन बनाए हैं। शिखर धवन ने 34.56 की औसत से रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 126.75 का रहा है। 36 वर्षीय ने दुनिया की सबसे कठिन क्रिकेट लीग में 44 अर्धशतक और दो शतक भी लगाए हैं। आपको बता दें कि आइपीएल 2022 में पंजाब किंग्स ने अब तक तीन मैच खेले हैं जिसमें उसे दो मैचों में जीत जबकि एक मैच में हार मिली है।

# 14 गेंद पर 5 छक्के जमाते हुए इस खिलाड़ी ने बनाया रिकार्ड अर्धशतक, वीरेंद्र सहवाग ने दी ऐसी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में सबसे महंगे



बिके कोलकाता के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने नए सीजन में वापसी धमाकेदार रिकार्ड के साथ की। मुंबई के खिलाफ बुधवार को खेली गई विस्फोटक पारी के दम पर कमिंस ने रिकार्ड बुक में जगह बनाई। महज 14 गेंद पर इस खिलाड़ी ने अर्धशतक जमाया और आइपीएल इतिहास में सबसे तेज हाफ सेंचुरी जमाने के मामले में केएल राहुल की बराबरी कर ली। मुंबई ने टास हारकर कोलकाता के खिलाफ टूर्नामेंट के 14वें मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 161 रन का स्कोर खड़ा किया। मुंबई के लिए मुश्किल में आकर सूर्यकुमार यादव ने 52 रन की बहुमूल्य पारी खेली। कीरोन पोलार्ड ने आखिरी में आकर 5 गेंद पर 22 रन बनाते हुए स्कोर को 161 तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे कोलकाता के लिए वेंकटेश अय्यर ने अर्धशतक जमाया लेकिन असली खेल तो कमिंस के बल्ले ने दिखाया। 15 गेंद पर 56 रन की पारी खेलते हुए इस खिलाड़ी ने 4 ओवर पहले ही मैच खत्म कर दिया। कमिंस ने महज 14 गेंद पर 4 चौके और 5 छक्के जमाए। साल 2018 में केएल राहुल के बनाए सबसे तेज अर्धशतक की बराबरी करने के बाद तमाम दिग्गजों ने उपर अपना प्रतिक्रिया दी। अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से गेंदबाजों में डर पैदा करने वाले पूर्व भारतीय दिग्गज वीरेंद्र सहवाग ने भी कमिंस को लेकर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, मुंह से निवाला छीन लिया, सॉरी वडा पाव छीन लिया। पैट कमिंस ने अब तक सबसे पागलपन और बिल्कुल क्लीन हिटिंग का नजारा पेश किया। 15 गेंद पर 56 रन आइपीएल इतिहास में एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में कमिंस तीसरे स्थान पर आ गए हैं। पिछले सीजन में चेनन्ई सुपर किंग्स के रवींद्र जडेजा ने रायल चैलेंजर्स बैंगलोर के हर्षल पटेल को 36 रन जमाए थे। क्रिस गेल ने आरसीबी की तरफ से खेलते हुए 2011 में प्रशांत परमेश्वरम को 36 रन जमाए थे। अब कमिंस ने मुंबी के सैम्स को ओवर में 35 रन जड़ दिए और वह इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

# लखनऊ ने दिल्ली के खिलाफ दर्ज की रोमांचक जीत, 6 विकेट से दी मात

**नई दिल्ली।** रिषभ पंत की दिल्ली कैपिटल्स और केएल राहुल की लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना आइपीएल 2022 के 15वें लीग मैच में हुआ। इस मुकाबले में लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का




निणन्य लिया। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 149 रन बनाए। लखनऊ की टीम ने जवाब में आखिरी ओवर में 4 विकेट गंवाकर रोमांचक जीत हासिल की। आयुष बदोनी ने छक्का जमाकर टीम को जीत दिलाई। क्विंटन डिकाक ने 52 गेंद पर शानदार 80 रन की पारी खेली। दिल्ली से मिले 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ के लिए कप्तान केएल राहुल और क्विंटन डिकाक की अनुभवी जोड़ी दमदार शुरुआत की। पहले पांच ओवर में दोनों ने बिना किसी नुकसान के 45 रन जोड़े। पावरप्ले में डिकाक 36 जबक राहुल ने 10 रन बनाते हुए टीम को 6 ओवर में 48 रन तक पहुंचाया। राहुल को कुलदीप यादव ने 24 रन पर पृथ्वी के हाथों कैच करवा टीम के पहली सफलता दिलाई। डिकाक ने एक छोर संभाले रखा और 36 गेंद पर 6 चौके, 1 छक्के की मदद से हाफ सेंचुरी पूरी की। ललित यादव ने इविन लुइस को 5 रन पर कुलदीप यादव के हाथों कैच करवाया। 52 गेंद पर 9 चौके और 2 छक्के की मदद से डिकाक 80 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप यादव ने टीम को यह अहम विकेट दिलवाया। दीपक हुड्डा 11 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद क्रुणाल पांड्या और आयुष बदोनी ने टीम को जीत तक पहुंचा। बदोनी 10 और क्रुणाल 19 रन बनाकर नाबाद लौटे। शा ने वार्नर के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी करके टीम को शानदार शुरुआत दी। शा 34 गेंदों पर 2 छक्के व 9 चौकों की मदद से 61 रन की पारी खेली, लेकिन कृष्णप्पा गौतम ने उन्हें कैच आउट करवा दिया। डेविड वार्नर ने इस सीजन में दिल्ली के लिए पहला मैच खेला, लेकिन वो 4 रन बनाकर रवि बिशनेई की गेंद पर आउट हो गए। दिल्ली का तीसरा विकेट पावेल के तौर पर गिरा और उन्हें रवि बिशनेई ने 3 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद कप्तान रिषभ पंत ने 39 रन की नाबाद पारी खेली तो वहीं सरफराज खान भी 36 रन बनाकर नाबाद रहे। लखनऊ ने इस मैच के लिए अपनी टीम में एक बदलाव किया और मनीष पांडे को बाहर कर दिया गया। मनीष की जगह टीम में कृष्णप्पा गौतम को शामिल किया गया। दिल्ली की बात करें तो इस टीम ने लखनऊ के खिलाफ इस मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन से तीन खिलाडि़यों को बाहर किया। बाहर किए गए खिलाडि़यों में टिम साइफर्ट, खलील अहमद और मनदीप सिंह को बाहर किया गया। इनकी जगह टीम में डेविड वार्नर, एनरिच नार्त्जे और सरफराज खान को शामिल किया गया। पृथ्वी शा, डेविड वार्नर, रिषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), रोवमैन पावेल, सरफराज खान, ललित यादव, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मुस्तफिजुर रहमान, एनरिक नार्त्जे। केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी काक (विकेटकीपर), इविन लुईस, दीपक हुडा, आयुष बदोनी, क्रुणाल पांड्या, जेसन होल्डर, कृष्णप्पा गौतम, एंड्रयू टाय, रवि बिशनेई, आवेश खान।

# राशिफल

**मेष-:** अवांछित यात्राएं थकाने वाली साबित होंगी और बेचैनी का कारण बन सकती हैं। मांसपेशियों को आराम देने के लिए तेल से शरीर की मालिश करें।

**वृष-:** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। जिन लोगों के साथ आप रहते हैं उनसे विवाद करने की बजाय विवादों से दूर रहें।

**मिथुन-:** आज आपका काम बन सकता है। आर्थिक स्थिति में भी सुधार संभव है। व्यक्तिगत संबंध मददगार हो सकते हैं। दिन खुशी से बीतेगा।

**कर्क-:** दोस्त की बेरुखी आपको परेशान करेगी। लेकिन अपने आप को शांत रखें। इसे समस्या न बनने दें और इससे बचने की कोशिश करें।

**सिंह-:** आज आपके लिए परिवार और करियर के बीच संतुलन बनाना बहुत आसान होगा। साथ ही घर में आज आप किसी के भ्रम की भावना को दूर करेंगे।

**कन्या-:** आज आपको कार्यक्षेत्र में नए आयाम मिलने वाले हैं। इसके साथ ही आज आपकी किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात हो सकती है। आज आप पहले से बेहतर महसूस करे।

**तुला-:** मानसिक दबाव के बावजूद आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। लोग आपकी लगन और मेहनत पर ध्यान देंगे और आज इससे आपको कुछ आर्थिक लाभ मिल सकता है।

**वृश्चिक-:** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज किसी बिजनेस पार्टनर के साथ महत्वपूर्ण मुलाकात होने के बाद आप रात के खाने के लिए किसी अच्छे रेस्टोरेंट में जा

**धनु-:** यह दिन आपके और आपके परिवार के लिए खुशी और सुकून लेकर आएगा। प्रकृति ने आपको आत्मविश्वास और तेज दिमाग का आशीर्वाद दिया है। इसलिए इसका भरपूर उपयोग करें।

**मकर-:** आशावादी रहें और उज्ज्वल पक्ष को देखें। आपका विश्वास और आशा आपकी इच्छाओं और आशाओं के लिए नए द्वार खोलती है।

**कुंभ-:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपका परिवार के किसी सदस्य से विवाद हो सकता है। इस राशि के लोगों को आज ऑफिस में कड़ी मेहनत के कारण प्रमोशन मिल सकता है।

**मीन-:** आज आपका परिवार के किसी सदस्य से विवाद हो सकता है। इस राशि के लोगों को आज ऑफिस में कड़ी मेहनत के कारण प्रमोशन मिल सकता है।

## सम्पादकीय

# यदि निर्यात में वृद्धि करनी है तो देश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में और तेजी से कार्य करना होगा

वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का वस्तु निर्यात 400 अरब डालर से अधिक हो जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं है। सेवाओं के निर्यात को भी इसमें शामिल कर लिया जाए तो भारत के कुल निर्यात 650 अरब डालर से अधिक हो जाते हैं। इस प्रकार वित्त वर्ष 2019-20 के 292 अरब डालर के निर्यात की तुलना में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। निर्यात में इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल, रतन एवं आभूषण, केमिकल, दवा और इलेक्ट्रानिक सामानों के साथ-साथ कृषि उत्पादों- चावल, गेहूं, मसाले, चीनी, फल-सब्जी, कालीन, मांस, डेयरी, समुद्री आदि उत्पादों का महत्वपूर्ण योगदान है। यह एक सकारात्मक बदलाव है, जिसने भारत को निर्यात क्षेत्र में विश्व की अग्रिम पंक्ति के देशों में खड़ा करने का काम किया है। निर्यात बढ? से देश की विनिमय दर, मुद्रास्फीति, ब्याज दर आदि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रोजगार के अवसरों का सृजन, विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि, विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन एवं सरकार के राजस्व संग्रह में भी वृद्धि होती है। भारत की जीडीपी में निर्यात की बढ़ती हिस्सेदारी बताती है कि देश आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। कोरोना महामारी के चलते विश्व की वस्तु आपूर्ति श्रृंखला के बाधित होने के बाद दुनिया के देशों द्वारा चीन से दूरी बनाना एवं रूस-यूक्रेन युद्ध भले ही निर्यात वृद्धि के तत्कालिक कारण हों, परंतु सरकार द्वारा किए गए नीतिगत उपायों ने भी निर्यात को बढ़ाने में सार्थक भूमिका का निर्वाह किया है। इसमें बैटरी, इलेक्ट्रानिक्स, आटोमोबाइल्स, फार्मास्युटिकल्स, ड्रग्स, टेक्सटाइल्स सहित 13 क्षेत्रों में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए पीएलआइ योजना (उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना) प्रमुख है, जिसके अंतर्गत उत्पादन बढ़ाने पर सब्सिडी दी जाती है। इसी के साथ प्रत्येक जिले में निर्यात क्षमता वाले उत्पादों की पहचान करके जिलों को निर्यात हब के रूप में विकसित करने की नई पहल भी की गई है। गांवों से शहरों की ओर विकास की धारा को बहाने के लिए अब निर्यात को एक बड़ा यंत्र बनाया गया है, ताकि देश निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल कर सके। एमएसएमई और स्टार्टअप के निर्यात से जुड़े मुद्दों के त्वरित समाधान पर बल दिया जाना समय की मांग है। टैक्स फाइल प्रक्रिया को आसान बनाते हुए डिजिटल प्लेटफार्म को प्रोत्साहन दिया गया है, जिससे समय, ऊर्जा और धन की बचत बढ़ी है। सरकार की नई व्यापार नीति में विभिनन्न देशों की व्यापार क्षमता का आकलन कर नए और मौजूदा बाजारों में निर्यात की संभावनाओं को अधिक मजबूत करने पर बल दिया गया है। भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार एवं सरकार की प्रतिबद्धताओं का ही परिणाम है कि दुनिया में मेक इन इंडिया ब्रांड पर भरोसा बढ़ रहा है। यदि हम चीन के निर्यात के साथ भारत की तुलना करें तो भारत के निर्यात बहुत कम हैं। यदि निर्यात में वृद्धि करनी है तो देश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की दिशा में तेजी से कार्य करना होगा। विश्व बाजार में गुणवत्तायुक्त उत्पादों की बहुत अधिक मांग है। आज भारत के उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी भी बनाना होगा। आम तौर पर यह मत है कि चीन में श्रमिकों की संख्या अधिक होने से चीनी उत्पादों की लागत कम है। वास्तव में मूल कारण श्रमिकों की संख्या का अधिक होना नहीं, बल्कि चीनी श्रमिकों की उत्पादकता अधिक होना है। चीन का एक श्रमिक भारत के श्रमिक की तुलना में 1.6 गुना अधिक उत्पादन करता है। चीन केवल सस्ती वस्तुओं का ही उत्पादन नहीं करता, बल्कि विश्व के लगभग 60 प्रतिशत ब्रांडेड लक्जरी वस्तुओं का उत्पादन भी करता है। भारत में श्रमिकों की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को सीधे तौर पर उद्योगों के साथ जोड़ा जाना चाहिए, जिससे श्रमिकों की उत्पादकता एवं कार्यक्षमता में वृद्धि होने के साथ प्रबंधकीय क्षमता का भी विकास होगा। निर्यातकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। इससे न केवल रोजगार बढ़ेगा, बल्कि उनकी लागत में भी कमी आएगी।


# समान नागरिक संहिता के विषय पर मुस्लिम नेताओं की नहीं बदली सोच

समान नागरिक संहिता भाजपा की पुरानी मांग रही है। इसके नेता देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए अभियान चलाते रहे हैं। इसी कड़ी में अब पुष्कर सिंह धामी का नाम जुड़ गया है, जो दूसरी बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बने है। पिछले दिनों अपनी पहली कैबिनेट बैठक में धामी ने समान नागरिक संहिता के निर्माण लिए एक कमेटी बनाने का फैसला किया। विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने इसे लागू करने का वादा किया था। इस प्रकार उत्तराखंड ने इस संबंध में दूसरे राज्यों को एक रास्ता दिखा दिया है। संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि 'राज्य, भारत के समस्त क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू कराने का प्रयास करेगा।' यह अनुच्छेद राज्य के नीति निदेशक तत्व भाग में है, जो कि संविधान में सलाह के रूप में दर्ज है। यानी यह बाध्यकारी नहीं है। हालांकि समान नागरिक संहिता से जुड़ी कुछ बातें संविधान की सातवीं अनुसूची में समवर्ती सूची के खंड पांच में भी दी गई है। समवर्ती सूची में दर्ज विषयों पर केंद्र और राज्य, दोनों कानून बना सकते है। मुस्लिम पर्सनल ला (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के तहत विवाह, पालन-पोषण, मेहर, तलाक और उत्तराधिकार जैसे मुद्दे भी इसके अंतर्गत आते हैं। इनमें से कई विषय समवर्ती सूची के खंड पांच में भी दर्ज है। यदि उत्तराखंड इस संबंध में कानून बनाता है तो भी वह पहला राज्य नहीं होगा। वास्तव में गोवा एक ऐसा राज्य है, जहां पुर्तगाल के शासनकाल से ही समान नागरिक संहित लागू है, लेकिन अन्य राज्यों में समान नागरिक संहित की बात होने पर मुस्लिम समुदाय के कुछ नेता विरोध करने लगते है। पिछले साल नवंबर में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड ने समान नागरिक संहिता का यह कहकर विरोध किया था कि 'यह भारत जैसे विविधतापूर्ण देश के लिए न तो उपयुक्त है, न ही उपयोगी।' इन दिनों समान नागरिक संहिता के खिलाफ जो बातें कही जा रही हैं, वे कमोबेश वैसी ही है जैसी संविधान सभा में 23 नवंबर, 1948 को अनुच्छेद 44 पर बहस के दौरान कुछ मुस्लिम सदस्यों ने कही थीं। उस दौरान संविधान सभा में हुई बहस पर नजर डालें तो पाएंगे कि आजादी के 75 वर्षों में देश में काफी कुछ बदल गया है, लेकिन समान नागरिक संहिता के विषय पर मुस्लिम नेताओं का चिंतन नहीं बदला है। संविधान सभा में विरोध करने वालों में मोहम्मद इस्माइल साहिब, नजीमुद्दीन अहमद, महबूब अली बेग, पोकर साहिब बहादुर और हुसैन इमाम शामिल थे। इस्माइल साहिब ने विरोध करते हुए कहा था कि 'नागरिकों के लिए समान कानून की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय यदि लोग अपने पर्सनल कानून का पालन करते हैं तो कोई नाराजगी या असंतोष नहीं होगा।

# आज नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा रूप कालरात्रि देवी की पूजा करने का विधान, मंत्र, स्तोत्र,साधना, पुष्प, भोग और आरती

**पंडित सुधांशु तिवारी**
**(श्री राम कथा प्रवक्ता)**

नवरात्र के सातवें दिन दुर्गाजी के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा और अर्चना का विधान है। संभवतः इनके स्वरूप के कारण ही इनका नाम कालरात्रि पड़ा। क्योंकि इनका वर्ण अंधकार की भांति एकदम काला है। सप्तमी मां कालरात्रिः नवरात्र के सातवें दिन दुर्गाजी के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा और अर्चना का विधान है। संभवतः इनके स्वरूप के कारण ही इनका नाम कालरात्रि पड़ा। क्योंकि इनका वर्ण अंधकार की भांति एकदम काला है। बाल बिखरे हुए हैं और इनके गले में दिखाई देने वाली माला बिजली की भांति देदीप्यमान है। इन्हें तमाम आसुरिक शक्तियों का विनाश करने वाला बताया गया है। इनके तीन नेत्र हैं और चार हाथ हैं जिनमें एक में खड्ग अर्थात् तलवार है तो दूसरे में लौह अस्त्र है, तीसरे हाथ में अभयमुद्रा है और चौथे हाथ में वरमुद्रा है। इनका वाहन गर्दभ अर्थात् गधा है। कालरात्रि होने के कारण ऐसा विश्वास है कि ये अपने उपासकों को काल से भी बचाती हैं अर्थात् उनकी अकाल मृत्यु नहीं होती। इन्हें सभी सिद्धियों की भी देवी कहा जाता है, इसीलिये सभी तंत्र मंत्र के उपासक इस दिन इनकी विशेष रूप से पूजा करते हैं। इनके नाम के उच्चारण मात्र से ही भूत, प्रेत, राक्षस, दानव और सभी पैशाचिक शक्तियां भाग जाती हैं। माना जाता है कि इस दिन इनकी पूजा करने



वाले साधक का मन सहस्रार चक्र में स्थित होता है। इनकी पूजा में गुड़ के भोग का विशेष महत्व है। मां कालरात्रि स्वरुप की पूजा, अर्चना और स्तवन निमन मंत्र से किया जाता है जपाकर्ण,पूरा नगन खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी,तैलाभ्यक्तशरीरिणी। जपाकर्ण,पूरा नगन खरास्थिता। ल म्ब ा ा ` ष्ठ ा ` कर्णिकाकर्णी,तैलाभ्यक्तशरीरिणी वामपादोल्लसल्लोह,लताकंटकभूषणा। ा ा ा ा ा ा ा ा ा ा ा कृष्णा,कालरात्रिभयंकरी।। अर्थात् एक वेणी (बालों की चोटी) वाली, जपाकुसुम (अड़हुल) के फूल की तरह लाल कर्ण वाली, उपासक की कामनाओं को पूर्ण करने वाली, गर्दभ पर सवारी करने वाली, लंबे होठों वाली, कर्णिका के फूलों की भांति कानों से युक्त, तैल से युक्त शरीर वाली, अपने बाएं पैर में चमकने वाली लौह लता धारण करने वाली, कांटों की तरह आभूषण पहनने वाली, बड़े ध्वज वाली और भयंकर लगने वाली कालरात्रि मां हमारी रक्षा करे। मां कालरात्रि ध्यान मंत्र करालवंदना धोरां मुक्तकेशी चतुर्भुजाम्। कालरात्रिं करालिंका दिव्यां विद्युतमाला विभूषिताम दिव्यं लौहवज्र खड्ग वामोघोर्ध्व कराम्बुजाम्। अभयं वरदां चैव दक्षिणोध्वाघः पार्णिकाम् मम महामेघ प्रभां श्यामां तक्षा चैव गर्दभारूढ़ा। घोरदंश कारालास्यां पीनोन्नत पयोधराम सुख पप्रसन्न वदना स्मेरान्न सरोरूहाम्। एवं सचियन्तयेत् कालरात्रिं सर्वकाम् समृध्दिदाम् स्तोत्र पाठ हीं कालरात्रि श्री कराली च क्लीं कल्याणी कलावती। कालमाता कलिदर्पधनी कमदीश कुपान्वित कामबीजजपान्दा कमबीजस्वरूपिणी। कुमतिघनी कुलीनर्तिनाशिनी कुल कामिनी क्लीं हीं श्रीं मन्त्रर्णेन कालकण्टकघातिनी। कृपामयी कृपाधारा कृपापारा कृपागमा मां कालरात्रि मंत्र 1. ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम. त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते. 2.या देवी सर्वभूतेषु माँ कालरात्रि रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। 3.चण्डवीरां चण्डमायां रक्तबीज - प्रभञ्जनीम। तां नमामि च देवेशीं गायत्रीं गुणशालिनीम। । मां कालरात्रि बीज मंत्र क्लीं ऐं श्री कालिकायै नमः। मां कालरात्रि साबर मंत्र ॐ नमो काली कंकाली महाकाली मुख सुन्दर जिह्वा वाली, चार वीर भैरों चौरासी, चार बत्ती पूजूं पान ए मिठाई,अब बोलो काली की दुहाई मां कालरात्रि की पूजा विधि काले रंग का वस्त्र धारण करके या किसी को नुकसान पंहुचाने के उद्देश्य से पूजा ना करें. मां कालरात्रि की पूजा करने के लिए श्वेत या लाल वस्त्र धारण करें. देवी कालरात्रि पूजा ब्रह्ममुहूर्त में ही की जाती है. वहीं तंत्र साधना के लिए तांत्रिक मां की पूजा आधी रात में करते हैं इसलिए सूर्योदय से पहले ही उठकर सनन आदि से निवृत्त हो जाए पूजा करने के लिए सबसे पहले आप एक चौकी पर मां कालरात्रि का चित्र या मूर्ति स्थापित करें. इसके बाद मां को कुमकुम, लाल पुष्प, रोली आदि चढ़ाएं. माला के रूप में मां को नींबुओं की माला पहनाएं और उनके आगे तेल का दीपक जलाकर उनका पूजन करें. मां कालरात्रि को लाल फूल अर्पित करें. मां के मंत्रों का जाप करें या सप्तशती का पाठ करें. मां की कथा सुनें और धूप व दीप से आरती उतारने के बाद उन्हें प्रसाद का भोग लगाएं. अब मां से जाने अनजाने में हुई भूल के लिए माफी मांगें. मां कालरात्रि दुष्टों का नाश करके अपने भक्तों को सारी परेशानियों व समस्याओं से मुक्ति दिलाती है. इनके गले में नरमुंडों की माला होती है. नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा करने से भूत प्रेत, राक्षस, अगिन्भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि सभी नष्ट हो जाते हैं मां कालरात्रि को लगाएं ये भोग- देवी कालरात्रि को काली मिर्च, कृष्णा तुलसी या काले चने का भोग लगाया जाता है. वैसे नकारात्मक शक्तियों से बचने के लिए आप गुड़ का भोग लगा सकते हैं. इसके आलावा नींबू काटकर भी मां को अर्पित कर सकते हैं इन मंत्रों का करें जाप 1.'एकवेणी जपाकर्ण, पूरा नगन खरास्थिता. लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी, तैलाभ्याक्तशरीरिणी वामपादोल्लसल्लोह, लताकंटकभूषणा वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा, कालरात्रिभयंकरी' 2. या देवी सर्वभूतेषु माँ कालरात्रि रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमःपंडित सुधांशु तिवारीठराष्ट्रीय प्रवक्ता

# कर्ज लेकर घी पीने वाली प्रवृत्ति से देश के कई प्रदेश बर्बादी की कगार पर खड़े

प्राचीन भारतीय दार्शनिक चार्वाक का एक दर्शन सूत्र है, जिसका उल्लेख बहुतायत भारतीय गाहे-बगाहे करते ही रहते हैं या सुना तो लगभग सबने होगा। यावज्जीवेत सुखं जीवेद ऋणं कृत्वा घृतं पिवेत, भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः। यानी एक बार मृत्यु हो गई तो श्मशान में जलकर राख ही हो जाना है तो जब तक जियो सुख से जियो, ऋण लेकर घी पियो। अब चार्वाक का यह दर्शन व्यक्ति के तौर पर हो सकता है कि बहुत से लोगों के लिए प्रेरक हो जाए, लेकिन किसी समाज या राष्ट्र के लिए यह दर्शन कतई प्रेरक नहीं हो सकता, क्योंकि समाज या राष्ट्र की आयु नहीं होती। प्रधानमंत्री के साथ देश की अलग- अलग योजनाओं पर चर्चा, समीक्षा, सुधार की बैठक में करीब दो दर्जन सचिवों ने कहा कि कर्ज लेकर घी पीने वाली प्रवृत्ति से देश के कई प्रदेश बर्बादी की कगार पर खड़े हैं। देश के वरिष्ठ सचिवों की राज्यों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति पर व्यक्त की गई चिंता यूं ही नहीं है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कहीं किसी लड़ाई में दूर दूर तक नहीं थी, लेकिन ढेर सारी नौकरियों से शुरुआत करके मुफ्त स्कूटी, बिजली और ढेर सारे लुभावने वादों का दिवास्वप्न दिखाने में प्रियंका गांधी वाड्रा की अगुआई में कांग्रेस पीछे नहीं रही। कमाल की बात यह भी थी कि यही कांग्रेस पार्टी पंजाब में आम आदमी पार्टी से पूछ रही थी कि महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने के लिए और तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली देने के लिए रकम कहां से लाएगी।गोवा में ममता बनर्जी की अगुआई वाली तृणमूल कांग्रेस भी किसी लड़ाई में भले नहीं थी, लेकिन चुनाव के समय भला कौन किसी पार्टी की दावेदारी खारिज कर सकता है। इस बीच पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार में आ गई। सरकार आई तो लगा कि सरकार में आने के लिए अपने वादों को मुख्यमंत्री भगवंत मान पूरा करेंगे, लेकिन वादों को पूरा करने के बजाय भगवंत मान दिल्ली आए और प्रधानमंत्री से मुलाकात में राज्य के लिए अगले दो वर्षों तक 50 हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की मांग कर डाली। जबकि चुनावों के दौरान भगवंत मान बार-बार यही कह रहे थे कि राज्य में पैसे की कमी नहीं है, बस माफियाओं के खजाने का मुंह सरकारी खजाने की ओर मोड?ा है। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को दूसरे नेता बार-बार यदा दिला रहे थे कि कर्ज के मामले में पंजाब के हालात देश में सबसे ऊपर है। कर्ज और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के मामले में सबसे खराब हालात पंजाब के हैं। राज्य में कर्ज और सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात 53.3 प्रतिशत है। इसके बाद राजस्थान 39.8, बंगाल 38.8, केरल 38.3 और आंध्र प्रदेश का अनुपात 37.7 प्रतिशत है। राज्य की इतनी खराब आर्थिक स्थिति होने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने माले मुफ्त दिले बेरहम वाली राजनीति ही की। पंजाब ही नहीं, कर्ज में डूबे कई अन्य राज्य जैसे राजस्थान, बंगाल, केरल और आंध्र प्रदेश केंद्र से मिल रहे अनुदान के ही भरोसे चल पा रहे हैं। कमाल की बात यह भी है कि वायरस के संकट काल में भी राज्य अपनी आर्थिक संरचना दुरुस्त करने को तैयार नहीं हैं। केरल में एक अनोखा मामला सामने आया कि केरल की वामपंथी सरकार अपने कैंडर को पीए, पीएम जैसी नियुक्ति पर दो साल के लिए रखती है और फिर उन्हें पेंशन का हकदार बनाकर त्यागपत्र दिलाकर पार्टी के लिए काम करने पर लगा देती है। केरल के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान नहीं होते तो शायद यह देश के सामने आ ही नहीं पाता। कोरोनाकाल में देश के 31 में से 21 प्रदेशों का कर्ज और घरेलू उत्पाद का अनुपात आधा प्रतिशत से सात प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। यह चिंताजनक स्थिति है, जिसकी बात देश के वरिष्ठ सचिवों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की। यह अच्छी बात है कि देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल महाराष्ट्र और गुजरात ने कर्ज और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात संभाल रखा है। महाराष्ट्र 20 प्रतिशत और गुजरात 23 प्रतिशत अनुपात के साथ एन के सिंह की अगुआई वाली राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम समिति की शर्तों के लिहाज से आर्थिक संरचना दुरुस्त कर रखी है। राजकोषीय घाटे के प्रबंधन और उसमें पारदर्शिता के लिए इसे 2003 में लाया गया था, लेकिन तय अवधि के लक्ष्य न तय कर पाने से इसका कोई लाभ नहीं हुआ। वर्ष 2016 में एनके सिंह की अगुआई में समीक्षा की गई कि तय किए गए लक्ष्य प्राप्त करने योग्य हैं या नहीं। वर्ष 2021 में इस समिति ने लक्ष्य भी निर्धारित कर दिए हैं। ऐसे में जब राज्य आर्थिक संरचना दुरुस्त करने के बजाय माले मुफ्त दिले बेरहम वाले अंदाज में अनाप शनाप मुफ्त की घोषणा करते हैं तो आर्थिक व्यवस्था के लिहाज से बिगड़ते हालात को दुरुस्त करना दूभर होने लगता है। लोकलुभावन घोषणाओं के जरिये चुनाव जीतने की एक कोशिश कृषि कर्जमाफी और सब्सिडी के जरिये भी होती थी। वर्ष 2008 के बजट में तत्कालीन यूपीए सरकार के वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कृषि कर्ज माफी का सबसे बड़ा एलान किया। बजट के बाद वित्त मंत्री लगभग सभी टीवी चैनलों को साक्षात्कार देकर बजट के बारे में बताते हैं। उस समय देश के सबसे बड़े मीडिया घराने में से एक के संस्थापक पत्रकार को तब के वित्त मंत्री पी चिदंबरम का साक्षात्कार करने का अवसर मिला। बिजनेस टेलीविजन के सबसे बड़े पत्रकार टीवी चैनलों के समूह के मालिक होने के बाद से वर्ष में बजट के बाद एक ही साक्षात्कार वित्त मंत्री का किया करते थे। 28 फरवरी 2008 के बजट के बाद पी चिदंबरम का साक्षात्कार उस मीडिया समूह के हिंदी बिजनेस चैनल पर लाइव चल रहा था। साक्षात्कार शुरू ही हुआ था कि अचानक पी चिदंबरम ने माइक निकाल दिया और उठकर खड़े हो गए। तमतमाए हुए चिदंबरम को टीवी समूह के संस्थापक संपादक ने संभालने की कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रहे। दरअसल, उन्होंने पी चिदंबरम से बजट में कर्ज माफी से देश की अर्थव्यवस्था पर पड? वाले दुष्प्रभाव और बैंकों को होने वाले घाटे की भरपाई के इंतजाम से संबंधित सवालों की शुरुआत कर दी थी और दो बार चिदंबरम ने उस सवाल को टालने की कोशिश की, लेकिन तीसरी बार जब संस्थापक संपादक के घुमाकर सवाल पूछने पर चिदंबरम बुरी तरह से नाराज हो गए तो वह माइक निकालकर उठकर चल दिए। इसके बाद बड़ी मुश्किल से चिदंबरम दोबारा साक्षात्कार देने को तैयार हुए और उस प्रशन्न को साक्षात्कार से बाहर रखने की शर्त पर ही तैयार हुए। देश का हर अर्थशास्त्री यह बात लगातार कहता रहा कि कृषि कर्ज माफी से किसानों का भला नहीं होने वाला और इससे बैंकिंग तंत्र भी ध्वस्त हो जाता है। इसी से समझा जा सकता है कि कृषि कर्ज माफी कितना बड़ा चुनावी कार्यक्रम था और इससे किसानों का कतई भला नहीं होता था। वरना तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम तो खुश होते कि इस पर तीन प्रशन्न ही क्यों, पूरा साक्षात्कार ही इसी पर होना चाहिए। कृषि कर्ज माफी की ही तरह ढेर सारे ऐसे लोक लुभावन एलान चुनावी लड़ाई जीतने के लिए नेता कर जाते हैं, जिसका दुष्प्रभाव राज्य के खजाने पर पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माले मुफ्त दिले बेरहम वाली राजनीति को काफी हद तक काबू में करने का प्रयास किया, लेकिन यह जिनन्न एक बार फिर बाहर निकलता दिख रहा है। कुछ भारतीय राज्यों के हालात




श्रीलंका जैसे बन सकते हैं, यह केवल सचिवों की चिंता नहीं है। एक ऐसा भयावह सच है, जिसमें सुधार न हुआ तो उस खतरनाक सच का सामना करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। कर्ज के जाल में फंस श्रीलंका हुआ बर्बाद : विश्व के सभी देशों में विकसित होने की होड़ रहती है और इसके लिए दो ही तरीकें होते हैं। पहला- देश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ विदेशी निवेश के लिए अच्छा आधार तैयार किया जाए। दूसरा- ऐसे देश, जिनके पास धन की कमी नहीं है, उनके निवेश से देश में बुनियादी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। अधिकतर साधनहीन देशों के लिए विकास का दूसरा रास्ता ही आसान दिखता है। पहले अमेरिका ही विश्व के ऐसे देशों को मदद देने के नाम पर वहां की नीतियां प्रभावित करता था और उस देश की सत्ता में हस्तक्षेप करके विश्व पटल पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका बनाए रखता था, लेकिन बदलते विश्व परिदृश्य में चीन एक ऐसी ताकत बनकर उभरा जो ऐसे देशों को लंबे समय के लिए सस्ता कर्ज देने के नाम पर लुभाने लगा। अमेरिका से मुकाबले के लिए चीन ने दुनिया का कारोबारी रास्ता तैयार करने की अतिमहत्वाकांक्षी योजना वन बेल्ट वन रोड तैयार की। पाकिस्तान सहित दुनिया के कई देश उसकी इस योजना के जाल में फंसे भी, लेकिन भारत के इस योजना से पूरी तरह से बाहर रहने के सख्त निणन्य ने वन बेल्ट वन रोड परियोजना को रणनीतिक तौर पर कमजोर कर दिया और अब पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर बनी चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की स्थिति भी खराब होने लगी। ऐसे में चीन ने पाकिस्तान सहित नेपाल और श्रीलंका जैसे उन देशों पर नजर दौड़ाई जहां घरेलू राजनीतिक अस्थिरता से निपटने के लिए उन देशों का नेतृत्व चीन की शर्तों पर तैयार हो जाए। चीन को पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल तीनों ही आसान शिकार लगे। इन तीनों देशों को तेजी से विकास का सपना दिखाकर वहां की परियोजनाओं के जरिये चीन देश में घुस गया। बलूचिस्तान का ग्वादर बंदरगाह भी एक ऐसी परियोजना है, जिसका कोई लाभ पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को नहीं मिलने वाला है। ऐसे ही श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह की चर्चा अक्सर होती है, लेकिन बंदरगाह से करीब 18 किलोमीटर दूर मट्टाला राजपक्षा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की चर्चा कम ही होती है। बंदरगाह और हवाई अड्डा दोनों चीन ने ही तैयार किया। चीन हंबनटोटा बंदरगाह का मालिक है और मट्टाला राजपक्षा हवाई अड्डे का उपयोग केवल उसी बंदरगाह तक पहुंचने के लिए किया जाता है। राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षा के कार्यकाल में चीन ने बंदरगाह और हवाई अड्डा बनाने के लिए चाइनीज एक्जिम बैंक से महंगा कर्ज दिया। कहने के लिए चीन का श्रीलंका पर कर्ज का हिस्सा कुल विदेशी कर्ज का दस प्रतिशत से कम ही रहा, लेकिन हंबनटोटा पर मालिकाना हक चीन का है और मट्टाला हवाई अड्डा दुनिया के सबसे कम उपयोग में आने वाले हवाई अड्डों में शामिल है। इसी से समझा जा सकता है कि चीन के कर्ज का दुष्चक्र कैसे कमजोर आर्थिक स्थिति वाले देशों को फंसाता है। चीन ने श्रीलंका को कुल 4.8 अरब डालर का कर्ज दिया, उसमें से केवल एक अरब डालर का कर्ज रियायती दो प्रतिशत ब्याज दर पर मिला है, शेष कर्ज पर ब्याज की दर अधिक है।

संक्षिप्त समाचार

## नवरात्र में मीट की दुकानें बंद करने के मामले में दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग ने को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग ने उन खबरों को संज्ञान में लिया है, जिसमें कहा गया है कि दिल्ली के तीनों नगर निगमों की ओर से नवरात्र में मीट की दुकानें और होटल बंद रहने संबंधी आदेश दिया गया है। आयोग ने इस मामले में तीनों निगमों के महापौर और आयुक्तों को नोटिस भेजकर उनसे यह जवाब मांगा है कि उन्होंने किस आधार पर दुकानों व होटलों को बंद करने के आदेश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष जाकिर खान ने इस फैसले को संविधान को खिलाफ बताते हुए कहा कि ये देश सभी का है और सभी को संवैधानिक आजादी है। जैसे नवरात्र चल रहा है, वैसे ही रमजान का महीना भी चल रहा है। सभी लोगो को एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए जहां हिंदू भाइयो के बहुल इलाके हैं, वहां मुस्लिम भाइयो को भी ख्याल रखने की जरूरत है कि उनको कोई परेशानी ना हो, इसी तरह जो मुस्लिम बहुल इलाके हैं वहां इस तरह का आदेश देना जरूरी नही है। इस आदेश से कई मुस्लिम धार्मिक संगठनों और मुगलई व्यंजन संचालकों ने भी चिंता जताई है तथा संविधान के साथ ही आजीविका का हवाला देते हुए इस आदेश को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। दरियागंज स्थित एक रेस्त्रां के संचालक तौफिक ने कहा कि तीन दिन तक बूचड़खाना भी बंद करने के आदेश दिए गए हैं, जिससे उनके जैसे दुकानदारों के सामने कच्चा माल का संकट गहरा जाएगा।

# अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने जंगली हाथियों से सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** 07 अप्रैल 2022- जिले में जंगली हाथियों का दल छत्तीसगढ़ से विचरण करते हुए जयसिंहनगर क्षेत्र में ग्राम चितरांव



एवं बांसा क्षेत्रों में लगातार घूम रहे है और जनहानि कर चुके है। जिला प्रशासन मिशन की तरह जंगली हाथियों के विचरण पर सतत निगरानी करने के लिए सभी आवश्यक कदम लगातार उठा रही है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य एवं पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश कुमार गोस्वामी द्वारा जंगली हाथियों के दल का विचरण झिरिया टोला क्षेत्र में होने पर वहां सभी विभागों की समन्वय बैठक कर लोंगो को जंगली हाथियों से बचने की समझाइश देने के साथ-साथ लगातार दल बनाकर मुनादी, वाहन माइकिंग, पटाखे आदि फोड़ने के साथ-साथ उनके मूवमेंट पर सतत निगरानी हेतु कहा। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश वैश्य ने गत दिवस प्रभावित क्षेत्र में रात्रिकालीन विश्राम किया और गश्ती दलों द्वारा लगातार किये गए निगरानी का निरीक्षण किया और जंगली हाथियों के दल के मूवमेंट क्षेत्र में रहकर गश्ती दलों का मार्गदर्शन किया। अपर कलेक्टर ने वन विभाग, पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ ग्रामवासियों के साथ रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि लोंगो को लगातार यह समझाइश देंवे कि वे अंधेरे में जहां हाथियों के दल का विचरण हो रहा है वहां पर न जाए और सुरक्षित रहें। अपर कलेक्टर ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर जंगली हाथियों के मूवमेंट क्षेत्र के ग्रामीणों को ग्राम पंचायत बांसा एवं झिरिया टोला के पंचायत भवन में ठहरने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें और उन्हें भोजन आदि भी उपलब्ध कराएं।

# 24 में 16 नए चेहरों ने दिग्गजों को नहीं जाने दिया विधान परिषद

**पटना।** स्थानीय प्राधिकार से हुए विधान परिषद चुनाव के नतीजे जिस तरह से सामने आए हैं उसने यह व्यवस्था कर दी है कि विधान परिषद के चौबीस सीटों पर सोलह चेहरे बिल्कुल ही नए होंगे। थोड़े खालिस अंदाज में कहिए तो इन्हें हल्दी लग गई है। जीतने वालों के लिए किसी भी सदन में प्रवेश पहली बार तो जरूर हो रहा पर उनका बैकग्राउंड राजनीतिक रहा ही है। गया में मनोरमा देवी का हारना और राजद के रिंकू यादव का जीतना मगध क्षेत्र के लिए बड़ी खबर है। मनोरमा देवी जदयू की प्रत्याशी थीं और पहले जीत चुकी हैं। इस बार जिस रिंकू यादव ने उन्हें हराया वह पहली बार जीते हैं पर मगध क्षेत्र में बाहुबल के लिए चर्चित पुराने दिग्गज विधायक के करीबी रिश्तेदार हैं। इसी तरह औरंगाबाद में पहली बाद दिलीप सिंह को जीत हासिल हुई है। वह भाजपा की टिकट पर जीते हैं पर उनका अपना राजनीतिक बैकग्राउंड रहा है। वह इस चुनाव के लिए तैयारी में पहले से थे। पटना से कार्तिक मास्टर के जीतने की बात बहुत पहले से दौर रही थी। उनके लिए भी यह पहला मौका है कि वह किसी सदन के सदस्य



निर्वाचित हुए हैं। पर राजनीतिक तौर पर वह काफी सेंसेटाइज रहे हैं। अनंत सिंह के चुनाव की कमान उन्हीं के जिम्मे रही है। मधुबनी से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अंबिका गुलाम यादव को जीत हासिल हुई है। वह पहली बार किसी सदन में जा रही हैं। उनके पति गुलाब यादव राजद की टिकट पर विधायक रहे हैं। उनकी जीत को भी महत्व दिया जा रहा। समस्तीपुर से तरुण कुमार भी पहली बार जीते हैं। बेगूसराय के राजीव सिंह भी पहली बार जीतकर विधान परिषद जा रहे हैं। वह कांग्रेस की टिकट पर जीते हैं। उन्होंने भाजपा के पुराने विधान पार्षद रजनीश को हराया है। राजीव सिंह का राजनीतिक बैकग्राउंड यह है कि वह पूर्व मंत्री व जदयू नेता आरएन सिंह के पुत्र हैं। उनके भाई संजीव परबत्ता से जदयू के विधायक हैं। मुंगेर से अजय सिंह भी पहली बार जीते हैं। भागलपुर से विजय सिंह भी पहली बार किसी सदन में जा रहे। वैसे वह काफी पहले से चुनावी राजनीति में हैं। सहरसा से अजय सिंह के लिए भी सदन में जाने का पहला मौका है सिवान से विनोद जायसवाल भी पहली बार जीत कर जा रहे। इसी तरह गोपालगंज से राजीव सिंह के लिए भी यह प्रथम मौका है। सीतामढ़ी में रेखा देवी, वैशाली से भूषण राय, नवादा से अशोक यादव व बेतिया से इंजीनियर सौरभ भी पहली बार किसी सदन में जा रहे। अशोक यादव का राजनीतिक बैकग्राउंड यह है कि वह राजवल्लभ यादव के रिश्तेदार हैं। पूर्वी चंपारण से विजयी रहे महेश्वर सिंह भी पहली बार विधान परिषद में होंगे। हालांकि, वे इससे पहले विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं।

# बस यात्रियों को राहत, कुरुक्षेत्र से मथुरा के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू, किराया भी काफी कम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र रोडवेज डिपो ने मार्च 2020 यानी दो साल से बंद पड़ी कुरुक्षेत्र-मथुरा बस सेवा को फिर से शुरू कर दिया है। कुरुक्षेत्र-मथुरा बस सेवा शुरू होने से निश्चित रूप से कुरुक्षेत्र वासियों सहित रोडवेज बस के निर्धारित 18 बस अड्डों के यात्रियों को बस सेवा का लाभ मिलेगा। वहीं बस सेवा शुरू से कुरुक्षेत्र रोडवेज डिपो की आमदनी में भी इजाफा देखने को मिलेगा। चूंकि डिपो की बेहतर कमाई लंबे रूटों पर चलने वाली बसों में अधिक होती है। ड्यूटी इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि रोडवेज ने अपनी कुरुक्षेत्र-मथुरा बस सेवा को यात्रियों की मांग पर शुरू कर दिया है। बस सेवा शुरू करने के लिए कुरुक्षेत्र वासियों ने कुछ दिन पहले ही महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर बस सेवा बहाल करने की मांग की थी। जिससे मथुरा जाने वाले श्रद्धालुओं को कुरुक्षेत्र से ही बस सेवा मिल सकें। उन्होंने बताया कि जब से बस सेवा बंद थी, तब से यात्रियों को मथुरा जाने के लिए अन्य डिपो की बसों का सहारा लेना पड़ रहा था। इसके लिए यात्रियों को अन्य जिलों के डिपो तक जाना पड़ रहा था। लेकिन अब जिले के वासियों को अन्य जिलों के डिपो तक में जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। चूंकि कुरुक्षेत्र ने अपनी बस सेवा को बहाल कर दिया है।

# महुआ बिनने गए 3 लोगों को हाथियों के झुंडने कुचला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दुर्गेश कुमार गुप्ता**

**शहडोल।** जिले में विगत दिनों से लगातार हाथियों का प्रकोप जारी है। हाथियों के दल ने ग्राम बांसा के पास जंगल में दो महिला एक पुरुष समेत कुल तीन लोगों को कुचला मौके पर ही तीनों की मौत का मामला सामने आया है द्य मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर लाया गया प्रशासन में मचा हकंप उच्च अधिकारियो का अमला जयसिंहनगर में दो दिनों में लगातार दूसरी घटना अब तक 5 लोग हाथियों के झुण्ड का शिकार हुए हैं । लगातार लोगों को मुनादी, सोशल मीडिया के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है रात में लोगों को बाहर निकलने से परहेज करने को कहा गया है हाथियों के झुण्ड में हाथियों के बच्चे मौजूद हैं छुदा जंगलों की तरफ बढ़ रहा हैं हाथियों का झुण्ड । ब्योहारी विधायक शरद कोल ने घटना का जायजा लिया पुलिस प्रशासन एवं जंगल विभाग की टीम लगातार नजर रखे हुए ।



# सेक्टर 82 ( पाकेट 7 ) मे श्री राम कथा कल से

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**देव मणि शुक्ल**

**नोएडा।** सेक्टर 82 के पॉकेट 7 के सेंट्रल पार्क में 8 अप्रैल से आयोजित श्री राम कथा के आयोजन की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। श्री राम कथा आयोजन समिति के सदस्य रवि राघव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कथा व्यास अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज (श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा) के मुखारविंद से नव दिवसीय श्रीराम कथा की अमृत रूपी वर्षा होगी जिसमें आप सभी सम्मानित भक्त गण भी सपरिवार सादर आमंत्रित है । श्री राम कथा की महिला मंडल टीम घर घर जाकर श्री राम कथा और कलश यात्रा के लिए जनसंपर्क भी किया ।कल महिला मंडल सदस्यों ने पॉकेट 7 पॉकेट 12 व श्रमिक कुंज में घर-घर जाकर कलश यात्रा के लिए निमंत्रण दिए। श्री राम कथा कल 8 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी और 17 अप्रैल को हवन आरती और विशाल भंडारे के साथ पूर्णाहुति होगी । श्री राम कथा में मथुरा से आ रहे कलाकार नित्य सुंदर सुंदर झांकी भी प्रस्तुत करेंगे।

# दिल्ली नगर निगम को फंड नहीं देने पर अरविंद केजरीवाल ने मोदी सरकार को घेरा, कह हो रहा सौतेला व्यवहार

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगमों को फंड न देने के मामले में केंद्र सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार देश भर के नगर



निगमों को 488 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से फंड देती है, लेकिन दिल्ली नगर निगम को यह फंड नहीं मिल रहा है।एक न्यूज चैनल पर बृहस्पतिवार को दिए गए एक साक्षात्कार में अरविंद केजरीवाल ने फंड न दिए जाने का कारण भी बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार यह इसलिए कर रही है कि क्योंकि यहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आबादी के अनुसार, दिल्ली नगर निगम को केंद्र सरकार से प्रति वर्ष 730 करोड़ मिलने चाहिए। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगमों के एकीकरण पर भी उठाए सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एकीकरण से निगमों की हालत कैसे सुधर सकती है, यह समझ से परे है। इस साक्षात्कार में अरविंद केजरीवाल ने विभिनन्न मुद्दों पर सवालों के जवाब दिए। प्रदूषण की समस्या पर उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब में अब आम आदमी पार्टी की सरकार है। ऐसे में प्रदूषण की समस्या को अवसर में बदलेंगे। गौरतलब है कि पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल इन दिनों अन्य राज्यों में विस्तार की तैयारी में जुटे हुए हैं। साल के अंत में होने वाले गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के लिए आम आदमी पार्टी अभी से तैयारी में जुट गई है।

# हाई कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से पूछा, कौन सी ईवीएम है वीवीपीएटी के अनुकूल

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बृहस्पतिवार को राज्य निर्वाचन आयोग से पूछा कि आगामी नगर निगमों के चुनावों के लिए उसके द्वारा खरीदी गई कौन सी इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) वोटर वेरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के अनुकूल है। आप है, लेकिन यदि आवश्यक मशीनरी की उपलब्धता के अधीन आगामी नगर पालिका चुनाव वीवीपैट का उपयोग करके आयोजित किया जाना है, तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। वहीं, सौरभ भारद्वाज की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि राज्य निर्वाचन




विधायक सौरभ भारद्वाज की याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की पीठ ने राज्य चुनाव आयोग को दस दिन में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले में आगे की सुनवाई 29 अप्रैल को होगी सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता सुमीत पुष्कर्ण ने कहा कि राज्य प्राधिकरण ईवीएम की आपूर्ति के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआइ) पर निर्भर है और उसने 29 हजार से अधिक नियंत्रण इकाइयां और 32 हजार से अधिक मतपत्र ईकाइयां ऋण पर खरीद की हैं।कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट ईवीएम के दो घटक हैं।राज्य निर्वाचन आयोग ने हलफनामे में कहा कि भले ही भारत में स्थानीय निकाय चुनावों के लिए गैर-वीवीपीएटी मशीनों का उपयोग किया जाता आयोग द्वारा खरीदी गई इकाइयों के कुछ माडल वीवीपीएटी के अनुकूल नहीं हैं और यह बताया जाना चाहिए कि देश भर में कितनी ईवीएम मशीन वीवीपीएटी के अनुकूल हैं।पिछली सुनवाई पर पीठ ने आयोग को यह स्पष्ट करने को कहा था कि एम-2 ईवीएम वीपीपैट के लिए संगत है या नहीं। वहीं, सौरभ भारद्वाज की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा खरीदी गई इकाइयों के कुछ माडल वीवीपीएटी के अनुकूल नहीं हैं और यह बताया जाना चाहिए कि देश भर में कितनी ईवीएम मशीन वीवीपीएटी के अनुकूल हैं।पिछली सुनवाई पर पीठ ने आयोग को यह स्पष्ट करने को कहा था कि एम-2 ईवीएम वीपीपैट के लिए संगत है या नहीं।

# नवरात्रि के अवसर पर प्रयास मंच ने किया देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**दिनेश शदव**

**मैहर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर षष्ठी तिथि को नगर की संस्था प्रयास मंच द्वारा कन्या पूजन का आयोजन किया गया स्थानीय



सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दीपक जी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी, प्राचार्य विजय प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य आनंद प्रकाश तिवारी,व्यवस्थापक सुरेंद्र अग्रवाल, समाजसेवी बीएल अग्रवाल सुनीता अग्रवाल, प्रयास मंच के संयोजक शशांक श्रीवास्तव, राजेश बढ़ोलिया,अजय नामदेव, राजेश अग्रवाल पीडी, प्रबोध जैन , अजय सोनी, आनंद श्रीवास्तव की उपस्थिति में सर्वप्रथम देवी स्वरूपा कन्याओं के चरण धोकर आलता एवं तिलक लगाया गया तत्पश्चात उपस्थित जनों ने कन्याओं को तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी तत्पश्चात कन्याओं को मिष्ठान एवं फलों का भोग लगाया गया एवं भेंट स्वरूप दक्षिणा कथा उपहार प्रदान किए गए इस अवसर पर श्रीकांत चतुर्वेदी ने प्रयास मंच के कार्यक्रम को सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर आधारित सेवा की उत्कृष्ट मिसाल निरूपित करते हुए सभी सदस्यों को इस कार्य के लिए बधाई दी वहीं प्राचार्य श्री सिंह ने प्रयास मंच के लगातार सार्थक कार्यो के लिए उनकी सराहना की कार्यक्रम आयोजन में प्रधानाचार्य आनंद तिवारी, विद्यालय के शैक्षणिक एवं सहायक स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा आभार प्रदर्शन विद्यालय के व्यवस्थापक सुरेश अग्रवाल ने किया ।

## मंत्री व विधायकों का आयकर हिमाचल सरकार नहीं भरेगी, स्वयं भरना होगा

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश में मंत्रियों और विधायकों का आयकर अब सरकार नहीं भरेगी। मंत्रियों व विधायकों को आयकर का भुगतान खुद करना होगा। अभी तक मंत्रियों का आयकर प्रदेश सरकार और विधायकों का आयकर विधानसभा देती थी। इस पर सालाना 2.35 करोड़ रुपये खर्च होते थे। आयकर भुगतान की प्रणाली में बदलाव के लिए सरकार ने नियमों में संशोधन करने के मद्देनजर अध्यादेश लाने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में वीरवार को हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में यह बड़ा फैसला लिया गया। बैठक में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमएसी) के तहत रखे 2655 शिक्षकों को राहत देते हुए उनकी सेवाओं को जारी रखने का निणय लिया गया है। बैठक में उन्हें एक साल का एक्सटेंशन देने का फैसला लिया गया।

# हरियाणा में दुकान विशेष से ड्रेस और कापी-किताबों की खरीद के लिए बाध्य नहीं कर सकेंगे निजी स्कूल

**चंडीगढ़।** हरियाणा में प्राइवेट स्कूल बिना फार्म-6 भरे फीस में बढ़ोतरी नहीं कर सकेंगे। न ही विद्यार्थियों व अभिभावकों पर दुकान विशेष से स्कूल यूनिफार्म और कापी-किताब



खरीदने का दबाव नहीं बना सकेंगे। शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद बृहस्पतिवार को स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से इस बाबत निर्देश जारी किए हैं खास बात यह है कि बड़ी संख्या में प्राइवेट स्कूल पहले ही फीस में बढ़ोतरी कर चुके हैं। वहीं अभिभावकों द्वारा उन्हीं दुकानों से स्कूल यूनिफार्म और कापी-किताबें भी खरीदी जा चुकी हैं। एक और रोचक पहलू यह है कि अधिकांश जिलों में कापी-किताबों और यूनिफार्म के लिए पहले से ही दुकानें तय हैं। इन दुकानों से अलग अन्य कहीं यूनिफार्म भी कम ही मिलती है। बड़े कान्वेंट स्कूलों के मामले में तो कम से कम ऐसी ही ग्राउंड रियलटी है। स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी मंडल आयुक्तों, डीसी, जिला शिक्षा व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों तथा जिला परियोजना अधिकारियों को इस बाबत निर्देश जारी किए हैं। इन अधिकारियों को कहा है कि वे सुनिश्चित करें कि बिना फार्म-6 भरे फीस बढ़ाने वाले स्कूल संचालकों पर कार्रवाई की जाए। फार्म-6 भरने वाले स्कूल ही फीस में बढ़ोतरी कर सकेंगे। इस संदर्भ में सरकार द्वारा 8 दिसंबर को नोटिफिकेशन भी जारी किया था। इस नोटिफिकेशन की कापी भी जिलों में भेजी गई है। नया फार्म-6 भरने की अंतिम तिथि पहली फरवरी, 2022 थी। इसे बढ़ाकर 15 फरवरी, फिर 15 मार्च और आखिर में 31 मार्च किया गया।इसी तरह से जिलों के अधिकारियों को कहा है कि वे सुनिश्चत करें कि कोई भी प्राइवेट स्कूल विद्यार्थियों को किसी दुकान से वर्दी, पुस्तकें, कार्य पुस्तिकाएं, लेखन सामग्री, जूते आदि स्कूल द्वारा निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए बाध्य न करे।

# सम्राटअशोक जयंती पर पटना में दिखेगा भाजपा का दम, आएंगे केंद्रीय मंत्री व यूपी के डिप्टी सीएम

**पटना।** भाजपा शुक्रवार को सम्राट अशोक की जयंती पर भव्य समारोह



का आयोजन करने जा रही है। गांधी मैदान के पास सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में प्रस्तावित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री व बिहार प्रभारी भूपेंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य होंगे। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय जायसवाल के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता और सरकार के कई मंत्री मौजूद रहेंगे। विभिन्न जिलों से 25 हजार से अधिक कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए कार्यकर्ताओं के ठहरने और खाने का संपूर्ण इंतजाम सुनिश्चित कर लिया गया है। समारोह में आने वाली गाड़ियों की पार्किंग का इंतजाम गांधी मैदान में किया गया है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने दावा किया कि सम्राट अशोक की जयंती सार्वजनिक तौर पर मनाने वाली भाजपा इकलौती पार्टी है। समारोह में आने वाले कार्यकर्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पार्टी द्वारा पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि पूरे कार्यक्रम के समन्वय की जिम्मेदारी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी कुशवाहा, रूप नारायण मेहता और रतनेश कुशवाहा को दी गई है। सम्राट चौधरी ने दावा किया भाजपा 2014 से विश्व विजेता सम्राट अशोक की जयंती मना रही है। यह हिंदी तिथि के अनुसार मनाई जाती है। इस बार चैत्र महीने के आठवें दिन यानि 8 अप्रैल को अशोक की जयंती पड़ रही है। इस दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था की कमान भाजपा युवा मोर्चा संभालेगा। उन्होंने बताया कि जिलों में जयंती समारोह प्रचार-प्रसार के लिए 11 रथ बिहार में घूम रहा है। कोरोना की वजह से बीच में कार्यक्रम नहीं हो पाया। सम्राट अशोक की जयंती पर बिहार में राजकीय अवकाश घोषित किया गया है। यह कार्यक्रम पूरे बिहार का है।

# अजय देवगन ने क्यों संभाली 'रनवे 34' के निर्देशन की कमान रिलीज से पहले एक्टर ने किया खुलासा

**नई दिल्ली।** गंगूबाई काठियावाड़ी और आरआरआर में छोटी-सी भूमिकाओं के बाद अजय देवगन अब पूरी फिल्म रनवे 34 लेकर शुरू की थी और फिर शिवाय डायरेक्ट की, जो 2016 में आयी थी। रनवे 34 की कहानी में आखिर ऐसा क्या था कि अजय इस फिल्म




आ रहे हैं, जो इसी महीने 29 तारीख को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। साल 2022 में मुख्य भूमिका वाली अजय की यह पहली फिल्म है। फिल्म इसलिए भी स्पेशल है, क्योंकि एक बार फिर अजय का निर्देशकीय हुनर सामने आएगा। बतौर निर्देशक अजय की यह तीसरी फिल्म है। उन्होंने यू मी और हम से निर्देशकीय पारी के निर्देशन के लिए तैयार हो गये? इस सवाल के जवाब में अजय पूरा किस्सा बताते हैं। अजय कहते हैं- ''दो साल पहले, पैनडेमिक शुरू हुए एक महीना ही गुजरा होगा, जब सब कुछ रुक सा गया था, लेखक जोड़ी संदीप केवलानी और आमिल कीयान खान मुझे रनवे 34 की स्क्रिप्ट सुनाने आये थे। स्क्रिप्ट मुझे पसंद आयी, लेकिन मैं कुछ बदलाव चाहता था। वादे के मुताबिक, उन्होंने लॉकडाउन के दौरान इस पर काम किया और बदलाव के साथ मेरे पास वापस आये।'' अजय कहते हैं- ''मैंने जो सुना, वो अच्छा लगा। इसकी कहानी सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और उन्होंने इसे बड़े पर्दे के हिसाब से कुछ बदलाव किये थे। पहले भाग में रोमांच ही रोमांच है, जिसका दर्शक लुत्फ उठाने वाले हैं। हम में से हर कोई उस टरबुलेंस और पेट में खालीपन की फीलिंग को महसूस करेगा, जब फ्लाइट हवा से टकराती है। मैं आपको ज्यादा नहीं बता सकता, क्योंकि यह एक थ्रिलर है और इसका मजा खुद ही उठाना चाहिए। स्क्रिप्ट की बात करूं तो संदीप और आमिल ने उसमें एक्साइटमेंट और ड्रामा का इजाफा किया।'' अजय ने आगे कहा- ''हमने अगले चार महीनों तक मेरे इनपुट्स के साथ स्क्रिप्ट पर काम किया। स्क्रिप्ट ने जो आकार लिया, उससे मैं खुथ था और पूरी तरह संतुष्ट था। इसके बाद मैंने तय किया कि यह मेरी तीसरी निर्देशकीय फिल्म होगी। फिर दिसम्बर 2020 में जैसे ही लॉकडाउन में ढील दी गयी, हमने फिल्म लॉन्च करके शूटिंग शुरू कर दी। मुझे इस फिल्म पर गर्व है।'' रनवे 34 ईद के मौके पर 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# नवरात्रि के अवसर पर भोजपुरी भक्ति गीतों की धूम, रिलीज हुए कई एल्बम

**नई दिल्ली।** चैत्र की नवरात्रि शुरू हुए 6 दिन बीत चुके हैं और भक्त माता रानी की भक्ति में पूरी तरह से लीन हो चुके हैं इसके चलते भोजपुरी भक्ति गीतों की मांग में भी तेजी से वृद्धि हुई है इसी बात का गाना काली मईया नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए रिलीज किया गया है भोजपुरी के दूसरे बड़े स्टार पवन सिंह ने भी काली मैया के नाम से गाना 4 अप्रैल को रिलीज किया रिलीज होते ही यह गाना



को ध्यान में रखते हुए भोजपुरी के कई कलाकारों ने भोजपुरी भक्ति गीतों के एल्बम को नवरात्रि के अवसर पर रिलीज किया है दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने 'अब छोड़ा माई आसनवा ना' को नवरात्रि के दूसरे दिन यानी 3 अप्रैल को रिलीज किया इस गाने के साथ साथ निरहुआ के लुक की भी काफी चर्चा हुई गाने में निरहुआ भक्ति गीत में लीन नजर आए पवन सिंह भी सोशल मीडिया और यूट्यूब पर वायरल हो गयात् इसमें पवन सिंह भी माता रानी की भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं प्रमोद प्रेमी ने डीजे मिक्स गाना रिलीज किया हैत् प्रमोद प्रेमी ने डीजे मिक्स नया गाना नवरातर भुखल बाड़ू रिलीज किया है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है वहीं खेसारी लाल यादव ने सुना राजा अरहुल ताजा नामक गाना रिलीज किया है ।

# सिनेमाघरों में इस तारीख को होगी रिलीज फिल्म, देखें नया ट्रेलर

**नई दिल्ली।** मारवल स्टूडियोज की फिल्म डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। भारत में फिल्म अंग्रेजी के अलावा हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड भाषाओं में रिलीज की जा रही है। डॉक्टर स्ट्रेंज इस बार एक साथ कई यूनिवर्स में अपने करतब दिखाते नजर आएंगे, जैसा कि फिल्म का शीर्षक के जाहिर है। स्टूडियो ने हिंदी का अलग पोस्टर और नया प्रोमो भी जारी किया है। सुपरनेचुरल एडवेंचर फिल्म 6 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बार सुपर हीरो डॉक्टर स्ट्रेंज आपनी डार्क साइड से जूझते हुए नजर आएंगे। फिल्म में वांडा का परिवार भी पहली बार दिखेगा। डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस 2016 में आयी डॉक्टर स्ट्रेंज का सीक्वल है और मारवल सिनेमैटिक यूनिवर्स की 28वीं फिल्म है। फिल्म का निर्देशन सैम राइमी ने किया है। बेनेडिक्ट कम्बरबैच डॉक्टर स्ट्रेंज के किरदार को दोहरा रहे हैं, जबकि वांडा के रोल में एलिजाबेथ ओलसेन दिखेंगी। इन दोनों किरदारों को दर्शक मारवल की इनफिनिटी सीरीज में देख चुके हैं। रैचल मैकएडम्स क्रिस्टीन पाल्मर के रोल में हैं, जो सर्जन और डॉक्टर स्ट्रेंज की लवर थी। शिवेटल एजियोपर कार्ल मोरडो के रोल में हैं, जो डॉक्टर स्ट्रेंज का पूर्व मेंटोर और अब दुश्मन है। कार्ल सॉरसर्स यानी जादूगरों को खोजकर मारने के मिशन पर है। डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस की घटनाएं 2021




में आयी स्पाइडमैन- नो वे होम के कुछ महीने बाद के कालखंड में सेट हैं। डॉ. स्टीफन स्ट्रेंज अपने नये और पुराने सहयोगियों के साथ अलग-अलग यूनिवर्स में ट्रैवल करता है और दुश्मनों का सामना करता है। बेनेडिक्ट कम्बरबैच इस साल ऑस्कर अवॉर्ड में नॉमिनेटेड फिल्म द पॉवर ऑफ द डॉग में भी लीड रोल में नजर आये थे। पिछले कुछ सालों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्मों का बाजार काफी फैला है। खासकर, जंगल बुक और एवेंजर्स फिल्मों ने पिछले कुछ सालों में इस बाजार को परवान चढ़ाने में मदद की है। ट्रेलर यहां देखें-

# समुद्र किनारे सोनाक्षी सिन्हा ने दिए बोल्ड पोज, शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपना बोल्ड अंदाज दिखाने के लिए चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपना नया फोटोशूट करवाया है, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा का हॉट और बोल्ड लुक देखने को मिला है। उनके फोटोशूट की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। सोनाक्षी सिन्हा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए खास तस्वीरें और वीडियो भी शेयर करती रहती हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी



जमकर वायरल हो रही हैं। अब सोनाक्षी सिन्हा एक बार फिर से अपनी लेटेस्ट तस्वीरों को लेकर सुर्खियों में हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों को लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है। इन तस्वीरों में शत्रुघन सिन्हा की बेटी ब्लू कलर की ब्रालेट पहने दिखाई दे रही हैं। साथ ही ऊपर से उन्होंने श्रफ डाला हुआ है। तस्वीरों में सोनाक्षी सिन्हा गार्डन और समुद्र किनारे पोज देते हुए तस्वीरें क्लिक करवाती नजर आ रही हैं। इन सभी तस्वीरों में उनका हॉट और बोल्ड अंदाज साफ देखने को मिल रहा है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'जहां नीला है वहां हरा है।' सोनाक्षी सिन्हा की यह सभी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। अभिनेत्री के फैंस तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं। साथ ही कमेंट कर उनकी तारीफ भी कर रहे हैं। बात करें सोनाक्षी सिन्हा के वर्कफ्रंट की तो वह आखिरी बार वेब फिल्म भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ अजय देवगन और संजय दत्त जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। हालांकि फिल्म भुज दर्शकों के दिलों को जीतने में नाकामयाब रही। इसके अलावा इन दिनों सोनाक्षी अभिनेत्री हुमा कुरैशी के साथ की मच अवेटेड फिल्म 'डबल एक्सएल' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है जो कि बेहद ही अलग और शानदार था। टीजर में सोनाक्षी और हुमा की जोड़ी और एक्टिंग को काफी पसंद किया गया। हालांकि अभी तक 'डबल एक्सएल' की रिलीज डेट की घोषणा नहीं हुई है।

# सुष्मिता सेन की भाभी चारु असोपा का दिखा हॉट एंड बोल्ड अंदाज पिंक मोनोकिनी में शेयर की तस्वीरें



**नई दिल्ली।** सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन और टीवी एक्ट्रेस चारु असोपा जबसे शादी के बंधन में बंधे हैं तब से वह किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं। अब दोनों के बीच सब कुछ सही है। हाल ही में सुष्मिता सेन की भाभी चारु ने सोशल मीडिया पर हॉट और बोल्ड तस्वीरें पोस्ट करके इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है चारु



राजीव और चारु साल 2019 में शादी के बंधन में बंधे थे और शादी के 2 साल बाद चारु ने 1 नवम्बर 2021 में अपनी बेटी जियाना को जन्म दिया था। लेकिन शादी के कुछ महीने बाद से ही लगातार कई बार सुष्मिता सेन के भाई और चारु असोपा के रिश्ते के बीच कई बार खटपट की ख़बरें आई, हालांकि असोपा ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें पोस्ट की। यह सभी तस्वीरें उनके वेकेशन की हैं। चारु असोपा इन दिनों अपने पति राजीव सेन और बेटी जियाना के साथ कश्मीर में छुट्टियां मना रही हैं। इन तस्वीरों में चारु असोपा पिंक रंग की मोनोकिनी में नजर आ रही हैं। जिसके ऊपर उन्होंने सफेद रंग का श्रग पहना हुआ है। इन तस्वीरों में वह अपने होटल में स्विमिंग पूल के पास बैठी हुई हैं और कश्मीर के खूबसूरत पेड़ नजर आ रहे हैं। चारु असोपा अपनी इन तस्वीरों में वहां के नजारों का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए चारु ने कैप्शन में लिखा, 'यह खूबसूरत व्यू, इस तस्वीर को मेरे पति ने खीचा है'। चारु असोपा की पति और बेटी के साथ कश्मीर वेकेशन की यह तस्वीरें काफी पसंद आ रही हैं। एक यूजर ने उनकी इस तस्वीर पर कमेंट करते हुए लिखा, 'बहुत ही खूबसूरत नजारा है और कोई इन तस्वीरों में बहुत ही प्यारा लग रहा है। दूसरे यूजर ने लिखा, 'बहुत ही हॉट और खूबसूरत तस्वीर है'। अन्य यूजर ने लिखा, 'मेरी पसंदीदा खूबसूरत हॉट एक्ट्रेस चारु असोपा'। कुछ सोशल मीडिया यूजर ने उनके मोनोकिनी में दिए गए पोज को मौनी रॉय का पोज बताया। राजीव सेन की पतने चारु असोपा एक लंबे समय से टीवी इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में शो 'अगले जनम मोहे बिटिया ही कीजो' से की थी। जिसके बाद वह ये रिश्ता क्या कहलाता है, बड़े अच्छे लगते हैं, बाल वीर, देवो के देव महादेव सहित कई बड़े शोज में नजर आ चुकी हैं। इसका अलावा चारु असोपा इम्पेशन विवेक और कॉल फॉर फन जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# कंगना रनोट मानहानि मामले में कोर्ट में जज नहीं आने के कारण निराश मन से लौटे जावेद अख्तर, पढ़ें पूरी खबर

**नई दिल्ली।** कंगना रनोट और जावेद अख्तर के बीच कोर्ट में मानहानि का मुकदमा चल रहा हैत् इस बीच इस केस के मामले में जावेद अख्तर कोर्ट पहुंचे थेत् हालांकि कोर्ट में जज के अनुपस्थित होने के चलते वह कोर्ट से दुखी जावेद अख्तर ने कंगना रनोट के उस बयान पर आपत्ति जताई, जिसमें कहा गया था सुशांत सिंह राजपूत के निधन के लिए वह भी जिम्मेदार है इसके बाद जावेद अख्तर ने कंगना रनोट पर छवि खराब करने का आरोप लगाया था

मन से बाहर निकले हैंत् जावेद अख्तर ने कंगना रनोट के खिलाफ मानहानि का मुकदमा कर रखा हैत् गीतकार जावेद अख्तर गुरुवार को अंधेरी के मजिस्ट्रेट कोर्ट पहुंचे थे लेकिन कोर्ट में जज नहीं आने के चलते उन्हें निराश मन से वापस लौटना पड़ा खबरों के अनुसार जावेद अख्तर को जब यह पता चला कि उनके केस की सुनवाई करने वाले जज साहब छुट्टी पर है, तो वह निराश हो गए जावेद अख्तर ने कंगना रनोट पर मानहानि का मुकदमा कर रखा हैत् उन्होंने यह मुकदमा 2020 नवंबर में किया है कंगना रनोट ने कहा है कि जावेद अख्तर ने उनका करियर खत्म करने की धमकी दी है इसके पहले कंगना रनोट को इस मामले में कोर्ट से झटका लग चुका है उन्होंने कोर्ट में एक अर्जी दायर कर हमेशा के लिए कोर्ट में इस मामले में ना आने की अनुमति मांगी थी इसपर कोर्ट ने कहा था कि वह भले ही वह एक कलाकार है लेकिन इस मामले में आरोपी भी है इसके चलते उन्हें समय-समय पर कोर्ट की कार्यवाही में भाग लेना होगा कंगना रनोट बॉलीवुड के कई कलाकारों को बीच कई बार लताड़ चुकी है।

# हनी सिंह के साथ दिल्ली के क्लब में हुई हाथापाई के बाद FIR दर्ज

**नई दिल्ली।** रैपर और सिंगर यो यो हनी सिंह के साथ हाल ही में दिल्ली के एक क्लब में कुछ लोगों ने हाथापाई की, जिसके बाद अब उन्होंने दर्ज करवाई है। रिपोर्ट्स के अनुसार ये पूरा मामला 26-27 मार्च की रात का है। हनी सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि दिल्ली



के एक क्लब में जब वो अपनी परफॉर्मेंस दे रहे थे तभी उनके शो के दौरान 5-6 लोग वहां पर जबर्दस्ती घुस गए थे। वो हनी सिंह और आर्टिस्ट को स्टेज पर जाकर धमकाने लगे। भरे शो में उन्होंने बीयर की बोतलें दिखाईं और आर्टिस्ट्स के साथ धक्का-मुक्की भी की। मामला बिगड़ता देख हनी सिंह को शो बीच में ही बंद करना पड़ा। इस पूरे मामले में हनी सिंह की तरफ से कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं आया है। रिपोर्ट के मुताबिक हनी ने जो ईंं दर्ज करवाई है उसमें लिखा है, 'चेक शर्ट में एक व्यक्ति ने मेरा (हनी सिंह) हाथ पकड़ा और मुझे आगे की ओर खींचने लगा। मैं इससे बचने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वो आदमी मुझे धमकाता रहा। मैंने ये भी देखा कि उसके पास हथियार था। वहीं लाल शर्ट में एक अन्य आरोपी व्यक्ति वीडियो बना रहा था और कह रहा था, 'भगा दिया हनी सिंह को'।ठ इस केस में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी मदद से मामले की छान बीन कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हनी सिंह दिल्ली साउथ एक्सटेंशन-2 के स्कोल क्लब में परफॉर्मेंस दे रहे थे। तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उनके साथ बदसलूकी की। इस घटना में हनी सिंह के सहयोगी ह्रदेश सिंह ने केस दर्ज करवाया है। जिसमें बताया गया है कि 26-27 मार्च की उस रात को कैसे कुछ लोग स्टेज पर चढ़ गए और सिंगर के साथ-साथ बाकी कलाकारों के संग हाथापाई करने लगे।

# भोजपुरी सुपरस्टार निरहुआ और आम्रपाली दुबे की नेपाली रीति-रिवाज से शादी की तस्वीर वायरल, जानें सच्चाई

**नई दिल्ली।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ और आम्रपाली दुबे की जोड़ी फैन्स को खूब पसंद है। दोनों जब-जब साथ में आते हैं तो फैंस बाद फैन्स उन्हें सोशल मीडिया पर खूब बधाई दे रहे हैं। लेकिन लाल शादी के जोड़े में आम्रपाली दुबे और शेरवानी ने निरहुआ को देखकर ये सोच रहे हैं कि इन दोनों ने असल



की खुशी का ठिकाना नहीं रहता। दोनों ने एक-साथ लगभग करीब 30 फिल्मों में साथ में काम किया है। दोनों की जब भी कोई तस्वीर साथ में आती है तो वह तुरंत ही वायरल हो जाती है। हाल ही में दोनों की शादी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें आम्रपाली दुबे और निरहुआ नेपाली रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंधें दिखाई दे रहे हैं। आम्रपाली दुबे और निरहुआ की ये तस्वीरें देखने के में शादी कर ली है, तो जरा ठहर जाइए। क्योंकि इन दोनों की ये शादी असल जिंदगी में नहीं बल्कि रील लाइफ में हुई है। दरअसल निरहुआ और आम्रपाली दुबे अपनी आगामी फिल्म 'निरहुआ बनल करोड़पति' की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग यह दोनों नेपाल में कर रहे हैं और अपनी आगामी फिल्म से पहला लुक दोनों सितारों ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। निरहुआ द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस फर्स्ट लुक में दोनों नेपाली लुक में नजर आ रहे हैं। जहां एक तरफ निरहुआ मैरून रंग की शेरवानी के साथ गले में कंठ पहने और सिर पर नेपाली टोपी लगाए हैंडसम लग रहे हैं तो वही शादी की लाल जोड़े में आम्रपाली दुबे बहुत ही प्यारी लग रही हैं। उन्होंने नेपाली गेटअप को अपनाते हुए गले में सोने का नेकलेस, नाक में नथनी और माथे पर माथा-पट्टी पहनी हुई है। इसी के साथ अभिनेत्री ने सिर पर लाल रंग की ओढ़नी ओढ़ी हुई है। दूल्हा-दुल्हन बने निरहुआ और आम्रपाली की जोड़ी काफी जच रही है। इस वीडियो के अलावा दोनों ने एक रील भी शेयर की, जिसमें दुल्हन और दूल्हे का रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया पर इस रील को पोस्ट करते हुए आम्रपाली ने कैप्शन में लिखा, 'हमारी पहली नेपाली रील'। दोनों की जोड़ी पर फैन्स भी जमकर प्यार लुटा रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'जोड़ी नम्बर 1'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'आप दोनों जन की जोड़ी हमेशा बनी रहे'। अन्य यूजर ने लिखा, 'नेपाली वेडिंग स्टाइल आप दोनों की बहुत ही खूबसूरत है'।

# Ashneer Grover की बहन से भारत पे के सीईओ ने जानें क्यों कहा 'तेरे भाई ने सारा पैसा चुरा लिया' पढ़ें पूरी खबर

**नई दिल्ली।** अशनीर ग्रोवर की बहन ने भारत पे के टॉप मैनेजमेंट की आलोचना की थी अब कंपनी के सीईओ सुहेल समीर में प्रतिक्रिया




देते हुए कहा कि अशनीर ग्रोवर में सारा पैसा चुरा लिया है शार्क टैंक इंडिया के जज और उद्योगपति अशनीर ग्रोवर ने भारत पे से त्यागपत्र दे दिया है हालांकि यह विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है भारत पे के को-फाउंडर रहे अशनीर ग्रोवर पर आरोप लगा है कि वह कंपनी के फंड का मिस यूज कर रहे थे इसके बाद से अशनीर ग्रोवर और कंपनी की टॉप मैनेजमेंट के बीच सार्वजनिक तौर पर लड़ाई हो रही हैं अब कंपनी के लिंकड इन पोस्ट पर अशनीर की बहन और भारत पे के सीईओ के बीच लड़ाई हो रही है यहां सोहेल समीर से एक कंपनी के कर्मचारी ने शिकायत करते हुए कहा है कि उनको मार्च का वेतन नहीं मिला है भारत पे कंपनी के सीईओ सोहेल समीर ने कहा कि उनके पास पैसे नहीं है वेतन देने के लिए क्योंकि अशनीर ग्रोवर ने सारा पैसा चुरा लिया हैत् एंप्लॉई ने भारत पे को लंबा नोट सोशल मीडिया पर लिखा उसने इसे सोहेल समीर और अशनीर ग्रोवर को भी टैग किया है अशनीर ग्रोवर ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'कृपया इसपर ध्यान दें यह नहीं हो सकता, उनकी सैलरी सबसे पहले दी जानी चाहिए अशनीर की बहन आशिमा ग्रोवर ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी उन्होंने कंपनी के टॉप मैनेजमेंट को बेशर्म बताया सोहेल समीर ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'बहन तेरे भाई ने सारा पैसा चुरा लिया हमारे पास सैलरी देने के लिए बहुत कम बचा हैत्' इसके बाद दोनों के बीच सोशल मीडिया पर लड़ाई छिड़ गई अशनीर ग्रोवर शार्क टैंक इंडिया में जज के तौर पर नजर आए हैं वह अपने ब्रूंट स्टाइल के कारण दर्शकों के पसंदीदा बन गए थे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।